CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद देना



उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना,नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।

तुलसी आयुर्वेदिक

चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक



## 5 साल का हिसाब, 25 साल का विजन और चुनाव की चुनौती, सत्र के आखिरी दिन बड़े संदेश दे गए पीएम मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 17वीं लोकसभा के आखिरी सत्र के लिए सदन में बोलने आए. उन्होंने अपने 42 मिनट के अभिभाषण में अपनी सरकार की 5 साल की उपलब्धियां गिनाई, आने वाले 25 सालों का लक्ष्य बताया और विपक्ष पर तंज कसा. पीएम के भाषण में बीजेपी सरकार के भूतकाल, वर्तमान और भविष्य की नीतियों का खूब उल्लेख रहा.

17वीं लोकसभा के आखिरी संसद सत्र की शुरुआत राम मंदिर निर्माण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के साथ हुई. इस पर सभी सांसदों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दी. शाम करीब 5 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में बोलने आए. उन्होंने अपने 42 मिनट के भाषण में अपनी सरकार की 5 साल की उपलब्धियां गिनाई, आने वाले 25 सालों का लक्ष्य बताया और विपक्ष पर तंज कसा. पीएम के भाषण में बीजेपी सरकार के भूतकाल, वर्तमान और भविष्य की नीतियों का खूब उल्लेख रहा.

पीएम ने देश में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म पर बात की. प्रधानमंत्री ने अपने भाषण से 17वीं लोकसभा के कार्यकाल के दौरान लिए गए अहम और बड़े फैसलों पर सरकार की पीठ थपथपाई. महात्मा गांधी के दांडी मार्च के जरिए देश की जनता को आगामी 25 सालों का महत्व समझाया और इस वर्ष होने वाले आम चुनावों में जीत की हैट्रिक लगाने का स्पष्ट संदेश विपक्ष को दिया. साथ ही राम मंदिर उद्घाटन में विपक्ष के शामिल न होने पर कटाक्ष किया.

प्रधानमंत्री का पूरा भाषण सरकार के पिछले पांच साल के कार्यकाल में हुए कई बड़े कामों पर आधारित रहा. उन्होंने कोविड काल, जम्मू कश्मीर, धारा 370, आतंकवाद, जी-20, तीन तलाक, राम मंदिर, नए संसद भवन सहित कई मुद्दों पर सरकार द्वारा लिए गए फैसलों को दोहराया और कहा कि 17वीं लोकसभा ने 5 वर्ष देश सेवा में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय किए हैं, जिनका कई पीढ़ियों से इंतजार था.

उन्होंने नए संसद भवन, सेंगोल की स्थापना, जी-20 का आयोजन, जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने, अंग्रेजों की दंड संहिता हटाकर न्याय संहिता लाने, तीन तलाक कानून, नारी शक्ति वंदना अधिनियम, पेपर लीक-चीटिंग बिल, डेटा प्रोटक्शन बिल, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### मोदी-2.0 सरकार के पांच साल के बड़े फैसले

प्रधानमंत्री ने मोदी-2.0 सरकार के कामकाज का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे उनकी सरकार ने 16-17 हजार ट्रांसजेंडर्स को आइडेंटिटी दी, पद्म अवॉर्ड दिया और उन्हें पहचान दी, कोविड में मुफ्त इंजेक्शन दिया. कंपनीज एक्ट, लिमिटेड लाइबिलिटी पार्टनरशिप एक्ट, 60 से अधिक गैरजरूरी कानूनों को हटाने का काम सरकार ने किया. जल-थल-नभ और स्पेस की दिशा में पिछले 5 वर्षों में हुए कामकाज का जिक्र भी पीएम के भाषण में शामिल रहा. पीएम ने कहा कि हमने डेटा प्रोटक्शन बिल लाकर पूरी भावी पीढ़ी को सुरक्षित कर दिया है. वो भविष्य को बनाने के लिए सही इस्तेमाल करेंगे. डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोडक्शन एक्ट बनाया. पेपरलीक जैसी समस्या के लिए कठोर कानून बनाए हैं.

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा : 13 फरवरी को सरगुजा पहुंचेंगे राहुल गांधी



अम्बिकापुर। सरगुजा संभाग में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को छह जिला संगठनों की बैठक सरगुजा संभाग में यात्रा के प्रभारी टीएस सिंहदेव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए टीएस सिंहदेव ने कहा कि यात्रा कांग्रेस के लिए नहीं, बल्कि देश में लोकतंत्र को पुर्नस्थापित करने के लिए है। यात्रा के रूट में सरगुजा संभाग को शामिल करने के लिए स्थानीय तौर पर कोई मांग नहीं की गई थी। बावजूद इसके सरगुजा संभाग को महत्वपूर्ण मानते हुए राहुल गांधी ने इसे अपने रूट में शामिल किया है। सरगुजा के प्रति उनके इस संवेदनशील रुख का सम्मान करते हुए यात्रा को अभूतपूर्व रूप से सफल बनाना संभाग में समूचे संगठन की जवाबदेही है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश में गरीबों के लिए आय की असमानता, युवाओं के लिए रोजगार, महिलाओं के लिए सम्मान, किसानों की उन्नति के लिए, श्रमिकों के बेहतर जीवन के लिए और लोकतंत्र में आमजन की भागीदारी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में हमारा कर्तव्य बनता है कि हम उनकी यात्रा को सफल बनायें। टीएस सिंहदेव ने कांग्रेसजनों के साथ ही सरगुजा के आमजनों का आवाहन किया है कि संघर्ष की इस लड़ाई में सहयोग दें।

बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी चंदन यादव ने कहा कि सरगुजा आंचल में यात्रा की सफलता से एक राजनैतिक संदेश जाएगा, जो कि अगामी लोकसभा चुनावों के लिये भी महत्वपूर्ण रहेगा। ऐसे में सरगुजा संभाग में कांग्रेस के संगठन को यात्रा को सफल करने की बड़ी जवाबदेही है, जिसे उसे पूर्ण करना है।

### राहुल गांधी का प्रस्तावित यात्रा कार्यक्रम

छत्तीसगढ में भारत जोड़ो न्याय यात्रा सबसे अधिक अवधि के लिए सरगुजा संभाग में रहेगी। यात्रा संभाग के तीन जिलों सूरजपुर, सरगुजा और बलरामपुर से होकर निकलेगी। बैठक के दौरान यह जानकारी मिली है कि सोमवार 12 फरवरी को राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा कोरबा जिले से संभाग के सीमा तारा गांव में पहुंचेगी, जो ग्राम शिवनगर में रात्रि विश्राम करेगी। 13 फरवरी को यात्रा उदयपुर में रामगढ़ चौक से सुबह आठ बजे प्रारंभ होगी. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## संसद कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिये स्थगित

नयी दिल्ली (वार्ता)। संसद का विस्तारित बजट सत्र शनिवार को दोनों सदनों में अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण पर चर्चा और लोकसभा में अध्यक्ष के विदाई संबोधन के साथ संपन्न हुआ।

सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को हुई और 11 दिन के इस सत्र में दोनों सदनों की कुल नौ बैठकें हुईं। प्रारंभ में सत्र नौ फरवरी को समाप्त होना था, लेकिन इसे एक दिन के लिये बढ़ा दिया गया।

यह अधिवेशन सत्रहवीं लोकसभा का अंतिम सत्र था, इसमें वित्त मंत्री ने पहली फरवरी को 2024-25 का अंतरिम बजट प्रस्तुत किया। यह सत्र इसलिये ऐतिहासिक महत्व का रहा कि इसमें लंबे अंतराल के बाद सरकार ने अर्थव्यवस्था पर एक श्वेतपत्र प्रस्तुत किया जिसमें मोदी सरकार के 2014 से 2024 के कार्यकाल की तुलना मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील सरकार के 2004 से 2014 के कार्यकाल की गयी है। इस संक्षिप्त सत्र में 2024 के वित्त विधेयक को पारित करने के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर के बजट को भी पारित किया गया।

सत्र के दौरान जम्मू-कश्मीर में अनुसूचित जाति -जनजाति और पिछड़े वर्ग के आरक्षण से संबिधत विधेयक, परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग के विरुद्ध सख्त प्रावधानों वाले विधेयक और जल प्रदूषण से संबंधित विधेयक दोनों सदनों में पारित किया गया। राज्य सभा में द्विवार्षिक चुनाव में निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी गयी। सदन ने जुलाई तक कार्यकाल पूरा करने वाले 68 सदस्यों को विदाई दी।

लोकसभा में आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्रहवीं लोकसभा की महत्वपूर्ण उपलब्धियों का उल्लेख करते हुये अध्यक्ष , (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## साय ने पुलिस अफसरों की ली क्लास, कहा- अपराध को कंट्रोल करने में नाकाम हुए तो एसपी संग थाना प्रभारियों पर भी होगी कार्रवाई



रायपुर। छत्तीसगढ़ में अपराध पर रोकथाम लगाने और कानून व्यवस्था को लेकर रायपुर पुलिस मुख्यालय में आज बड़ी हुई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अपराध, नशाखोरी और अवैध गतिविधियों पर हमारी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है। अपराधों पर लगाम नहीं लगी तो सबंधित जिले के पुलिस कप्तान पर कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में आज आयोजित पुलिस महानिरीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस को लेकर अपराधियों के मन में डर और आम जनता के मन में सेना की तरह सम्मान होना चाहिए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने अधिकारियों से कहा कि पुलिस का व्यवहार अपराधियों के लिए कठोर हो और आमजनों के लिए उतना ही नम्र और मृदु होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अवैध शराब, जुआ, सट्टा जैसी सामाजिक बुराईयां समाज को अंदर तक खोखला कर देती हैं। जब युवा इससे प्रभावित होते है तो यह सर्वाधिक चिंताजनक है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि यदि आपराधिक गतिविधियों पर लगाम नहीं लगेगी तो ना केवल संबंधित जिले के पुलिस कप्तान बल्कि थाना स्तर के पुलिस अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।साय ने कहा कि पुलिस विभाग अनुशासित विभाग है, पुलिस अधिकारियों में यह अनुशासन दिखना चाहिए, जो अंततः अनुशासित और अपराध मुक्त समाज की स्थापना में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दंड से न्याय की ओर की संकल्पना को स्थापित करने के लिए किये जा रहे प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि नए कानून समयबद्ध तरीके से लागू हों, यह सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रदेश के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में हमारे जवान कठिन परिस्थितियों में उनका डटकर मुकाबला कर रहे हैं।

उन्होंने संदेश दिया कि छत्तीसगढ़ सरकार हर मोर्चे पर पुलिस कर्मियों के साथ खड़ी है और उनके सुविधाओं में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। पुलिस के कल्याण के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं। समय पर पदोन्नति, आवास, जरूरी अधोसंरचना सहित संसाधनों की आपूर्ति के लिए हमने व्यवस्थाएं की हैं, इसे आगे भी जारी रखेंगे। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ शासन के वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट का उल्लेख करते हुए कहा कि इस बजट में पुलिस विभाग (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अयोध्या जाने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर, अब 20 हजार श्रद्धालु हर साल करेंगे रामलला की निःशुल्क यात्रा

रायपुर। तीर्थयात्रा योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार ने इस साल रामलला तीर्थयात्रा योजना को बजट में शामिल किया है। इसके लिए लगभग 35 करोड़ रुपये का प्रविधान है। एक अनुमान के अनुसार प्रदेशभर से हर साल लगभग 20 हजार श्रद्धालुओं को अयोध्या दर्शन के लिए ले जाया जाएगा। इस योजना से युवा, बुजुर्ग, महिलाओं में खुशी का माहौल है। हर किसी के मन में अयोध्या जाने की चाहत है। सरकारी योजना के माध्यम से जाने पर आने-जाने का खर्च, भोजन, ठहरने, भ्रमण करने की निश्शुल्क व्यवस्था की जाएगी।

### पहली ट्रेन सात को हुई थी रवाना

अयोध्या दर्शन के लिए दुर्ग से पहली ट्रेन सात फरवरी को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना हुई थी। अब अगले एक साल तक समय-समय पर श्रद्धालु सरकारी योजना के अंतर्गत अयोध्या यात्रा पर निश्शुल्क जा सकेंगे। इस योजना को छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के तहत चलाया जाएगा।

### यात्रा में शामिल होने यह है नियम

यात्रा में जाने के लिए 18 से 75 वर्ष के महिला, पुरुषों को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी और स्वस्थ होना जरूरी है। दिव्यांग अपने साथ एक स्वजन को ले जा सकेंगे। योजना के पहले चरण में 55 वर्ष से ऊपर के यात्रियों को ले जाया जाएगा। इसके बाद अन्य लोगों को सुविधा मिलेगी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'राम मंदिर एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना का प्रतीक', लोकसभा स्पीकर ओम बिरला का बयान



नई दिल्ली। 17वीं लोकसभा का आज अंतिम सत्र का आखिरी दिन था। आज अंतिम दिन में लोकसभा में अयोध्या राम मंदिर पर एक प्रस्ताव पेश किया गया। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को सदन में रामलला के मंदिर के निर्माण को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह भावी पीढ़ियों को आशा और एकता की मिसाल देगा।

### राम मंदिर के प्रस्ताव पर लगभग चार घंटे हुई चर्चा

गौरतलब है कि सदन में ऐतिहासिक राम मंदिर के निर्माण और श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर लगभग चार घंटे की चर्चा हुई।

अंत में प्रस्ताव पढ़ते हुए स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदियों के इंतजार के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ है। जो सुशासन और लोक कल्याण के एक नए युग है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि यह मंदिर एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना का प्रतीक है।

### पीएम मोदी के भाषण ने शांति के लिए प्रेरित किया- बिरला

ओम बिरला ने राम जन्मभूमि विवाद में अदालत के 2019 के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपना फैसला सुनाए जाने के तुरंत बाद पीएम मोदी के बयान ने जीत हार हार की भावना के बजाए समाज को शांति के बारे में प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव के जरिए सदन के सदस्य अयोध्या में हुए ऐतिहासिक कार्य की सराहना करते हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## रायपुर रेलवे स्टेशन पर गलती से चली गोली में आरपीएसएफ जवान की मौत, यात्री घायल



रायपुर। छत्तीसगढ़ के रायपुर रेलवे स्टेशन पर शनिवार को रेलवे सुरक्षा विशेष बल (आरपीएसएफ) का सर्विस हथियार गलती गोली चल जाने से एक जवान की मौत हो गई और एक यात्री घायल हो गया। अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब छह बजे हुई जब एक उपनिरीक्षक के नेतृत्व में आरपीएसएफ की एक टीम एस्कॉर्ट ड्यूटी के बाद सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन से उतर रही थी।

जानकारी के मुताबिक, जब कांस्टेबल दिनेश चंद्र (30) ट्रेन के एस-2 कोच से बाहर निकल रहे थे, तो उनका सर्विस हथियार गलती से चल गया और एक गोली उनकी छाती में लगी। उन्होंने बताया कि एक यात्री की पहचान मोहम्मद दानिश के रूप में हुई है, जो ऊपरी बर्थ पर सो रहा था, उसके पेट में भी चोटें आईं।

उन्होंने बताया कि दोनों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कांस्टेबल की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि मृतक जवान राजस्थान का रहने वाला था और मामले की जांच जारी है।

## 24 घंटे तेजस्वी यादव की नजरों के सामने रहेंगे आरजेडी विधायक, गेम होने के डर से लिया बड़ा फैसला



पटना। बिहार में 12 फरवरी के फ्लोर टेस्ट है। पार्टियों को अपने विधायकों के टूटने का डर सता रहा है। सभी पार्टियां अपने विधायकों को हॉर्स ट्रेडिंग से बचाने अलग-अलग जतन करने में लगी हुई हैं। इन सब बीच तेजस्वी यादव ने अपने विधायकों को सुरक्षित रखने के लिए बड़ा फैसला लिया है।

तेजस्वी यादव अपने विधायकों को लेकर कोई भी रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। राजद ने वरिष्ठ नेताओं की बैठक में सहमति बनने का बाद निर्णय लिया है कि फ्लोर टेस्ट तक पार्टी के सभी विधायक तेजस्वी यादव के आवास पर ही रहेंगे।

### राजनीतिक बंधक बनाए गए महागठबंधन के विधायक- नीरज

वहीं, जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा है कि महागठबंधन के विधायकों एवं विधान परिषद सदस्यों को राजनीतिक रूप से बंदी बना दिया गया है। ये सदस्य अभी से 12 फरवरी को फ्लोर टेस्ट तक पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को आवंटित सरकारी आवास में रहेंगे। इससे प्रमाणित होता है कि विश्वासमत पेश होने से पहले ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जीत गए हैं। महागठबंधन की हार हो गई है। कुमार ने कहा कि राजद और उसके घटक दलों को अपने विधायकों पर भरोसा नहीं है। इसलिए उन्हें बंधक बना कर रखा गया है।

### जदयू के पांच विधायक कहां गए?

इन सबके बीच, मंत्री श्रवण कुमार द्वारा शनिवार को जदयू विधायकों को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'कैंटीन सब्सिडी खत्म करके 15 करोड़ बचाये 17वीं लोक सभा ने'

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने शनिवार को सदन में बताया कि 17वीं लोकसभा के कार्यकाल में कैंटीन सब्सिडी समाप्त करने से 15 करोड़ रुपये की बचत समेत मितव्ययिता के उपायों से कुल लगभग 875 करोड़ रुपये की बचत हुई।

बजट सत्र के आखिरी दिन वर्तमान लोक सभा के 2019-25 के कामकाज के बारे में कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां सझा करते हुये अध्यक्ष ने कहा, '17वीं लोकसभा में मितव्ययिता उपायों के बारे में बताया कि पूरी लोकसभा के दौरान लगभग 875 करोड़ रुपये की बचत हुई, जो सचिवालय के बजट का 23 प्रतिशत था। उन्होंने बताया कि 17वीं लोक सभा में कैंटीन सब्सिडी को पूर्णतः समाप्त कर दिया गया जिससे लगभग 15 करोड़ रुपये की वार्षिक बचत हुई। संविधान सभा में फसाड लाइटिंग की व्यवस्था और लोक सभा टीवी और राज्य सभा टीवी के बिलय से करोड़ों रुपये की बचत हुयी।

### किसान आंदोलन के चलते सात जिलों में इंटरनेट सेवा बंद, 13 फरवरी को किसानों के दिल्ली कूच पर प्रशासन ने लिया फैसला

हिसार। किसानों की दिल्ली कूच के चलते अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। इंटरनेट सेवा रविवार सुबह 6 बजे से तीन दिनों तक बंद रहेगा। ये रोक रविवार सुबह 6 बजे से 13 फरवरी रात 11.59 तक जारी रहेगी।

## राममंदिर के विरोधी 'हवन में हड्डी न डालें' : अमित शाह



नयी दिल्ली। गृह मंत्री अमित शाह ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण का विरोध करने वालों को 'नसीहत' दी कि वे 'हवन में हड्डी' न डालें और भारत के बहुसंख्यक समाज की भावनाओं का ख्याल कर इसका स्वागत करें एवं जुड़ें, उसी में देश का भला है।

श्री शाह ने लोकसभा में नियम 193 के तहत श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर चर्चा में भाग लेते हुये ये नसीहत दी और कहा कि भारत में पहली बार एक संन्यासी शासक ने 11 दिन की कठोर तपश्चर्या करके श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की तथा आध्यात्मिक, भक्ति की चेतना जागृत करके भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का शुभारंभ किया है।

गृह मंत्री ने कहा कि वह आज अपने मन की बात और देश की जनता की आवाज को इस सदन के सामने रखना चाहते हैं। जो वर्षों से अदालत के कागजों में दबी हुई थी। श्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उसे आवाज भी मिली और अभिव्यक्ति भी मिली। उन्होंने कहा, 22 जनवरी का दिन सहस्त्रों वर्षों के लिये ऐतिहासिक बन गया है, जो इतिहास और ऐतिहासिक पलों को नहीं पहचानते, वह अपने अस्तित्व को खो देते हैं। 22 जनवरी का दिन 1528 में शुरू हुये एक संघर्ष और एक आंदोलन के अंत का दिन है। वर्ष 1528 से शुरू हुई न्याय की लड़ाई इस दिन समाप्त हुयी। 22 जनवरी का दिन करोड़ों भक्तों की आशा, आकांक्षा और सिद्धि का दिन है। ये दिन समग्र भारत की आध्यात्मिक चेतना का दिन बन चुका है। 22 जनवरी का दिन महान भारत की यात्रा की शुरुआत का दिन है। ये दिन मां भारती विश्व गुरु के मार्ग पर ले जाने को प्रशस्त करने वाला दिन है।

श्री शाह ने कहा कि इस देश की कल्पना राम और रामचरितमानस के बिना नहीं की जा सकती। राम का चरित्र और राम इस देश के जनमानस का प्राण है। जो राम के बिना भारत की कल्पना करते हैं, वो भारत को नहीं जानते। राम प्रतीक हैं कि करोड़ों लोगों के लिए आदर्श जीवन कैसे जीना चाहिए, इसीलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया है।

उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति और रामायण को अलग करके देखा ही नहीं जा सकता। कई भाषाओं, कई प्रदेशों और कई प्रकार के धर्मों में भी रामायण का जिक्र, रामायण का अनुवाद और रामायण की परंपराओं को आधार बनाने का काम हुआ है। गृह मंत्री ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन से अनभिज्ञ होकर कोई भी इस देश के इतिहास को पढ़ ही नहीं सकता। 1528 से हर पीढ़ी ने इस आंदोलन को किसी न किसी रूप में देखा है। ये मामला लंबे समय तक अटका रहा, भटका रहा। 330 साल तक कानूनी लड़ाई लड़ाई के बाद यह क्षण आया है। देश की आध्यात्मिक चेतना जागृत हुई है। श्री मोदी के समय में ही इस स्वप्न को सिद्ध होना था और आज देश ये सिद्ध होता देख रहा है। उन्होंने कहा, अनेक राजाओं, संतों, निहंगों, अलग-अलग संगठनों और कानून विशेषज्ञों ने इस लड़ाई में योगदान दिया है। मैं आज 1528 से 22 जनवरी, 2024 तक इस लड़ाई में भाग लेने वाले सभी योद्धाओं को विनम्रता के साथ स्मरण करता हूं।

उन्होंने कहा कि 1990 में जब ये आंदोलन ने गति पकड़ी, उससे पहले से ही ये भाजपा का देश के लोगों से वादा था। यह कोई छिपी बात नहीं है, 1986 से कह रहे हैं कि राममंदिर संविधान सम्मत कानूनी प्रक्रिया से बनना चाहिये। हमने पालमपुर कार्यकारिणी में प्रस्ताव पारित करके कहा था कि राम मंदिर निर्माण को धर्म के साथ नहीं जोड़ना चाहिए, ये देश की चेतना के पुनर्जागरण का आंदोलन है। इसलिये हम राम जन्मभूमि को कानूनी रूप से मुक्त कराकर वहां पर राम मंदिर की स्थापना करेंगे।

श्री शाह ने कहा कि संविधान के तहत पूरी कानूनी प्रक्रिया से सर्वोच्च अदालत के आदेश से यह काम हुआ है, लेकिन यदि निर्णय पसंद हो तो सर्वोच्च अदालत की दुहाई देना और निर्णय पसंद नहीं हो तो बुरा भला कहना, यह कहां तक उचित है। उच्चतम न्यायालय ने भारत की आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण को प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा, ÷हमारे यहां कहावत है कि हवन में हड्डी नहीं डालना चाहिए। स्वागत कर लो, जुड़ जाओ। इसी में देश का भला है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से 2019 तक राम जन्म भूमि केस के दस्तावेज़ों के लाखों पेज का अनुवाद हुआ। वर्ष 2020 से 2024 तक की यात्रा रामजन्म भूमि आंदोलन लाखों गांवों में गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक पत्थर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वितीय चरण की मोबाईल वेन नंदई पहुंची

**प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्वला योजना, स्व निधि योजना तथा आयुष्मान कार्ड से नागरिक लाभान्वित होकर कर रहे अनुभव साझा**

0 बालक छात्रावास मैदान में निगम द्वारा आयोजित शिविर में योजनाओ की दी जानकारी
0 महिलाओं ने महतारी वंदन योजना का लाभ लेने दिखाया विशेष रूझान
0 राष्ट्रीय क्रिमी दिवस पर बच्चों को क्रिमी नाशक दवा खिलाई गयी



### शिविर में वार्डवासियों ने भारी तादात में योजनाओं की जानकारी लेकर किया आवेदन

शिविर में नंदई, इंदिरा नगर एवं सदर बाजार, गंज लाईन क्षेत्र के लगभग 1 हजार से अधिक लोग शिविर में उपस्थित होकर जानकारी लिये और पोर्टर के माध्यम से योजनओं का लाभ लेने पंजीयन कराया। प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के लिये 10 लोगों ने पंजीयन कराया, आयुष्मान कार्ड के लिये 500 ने, आधार के लिये 14 ने, उज्जवला योजना के लिये 25 ने, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिये 6 ने, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिये 8 लोगों ने एवं महतारी वंदन योजना के लिये 90 लोगों ने पंजीयन कराया तथा सैकडों लोगों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर आवेदन लिये। शिविर में लगभग 500 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निःशुल्क दवा प्राप्त किया।

राजनांदगांव (दावा)। विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वेन आज नगर निगम द्वारा अनुसूचित जाति बालक छात्रावास मैदान में आयोजित शिविर में पहुँच चल चित्र के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संदेश को सुनाकर विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी।

शिविर में जहाँ बड़ी संख्या में महिलाओं ने महतारी वंदन योजना का लाभ लेने आवेदन लिया, वही वार्डवासियो ने मुफ्त मे ईलाज कराने आयुष्मान कार्ड बनाने के अलावा अन्य योजनाओं का लाभ लेने रूचि दिखाई। आज के शिविर में नेताप्रतिपक्ष किशुन यदु, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, पार्षद श्रीमती मधु बैद, विजय राय, राजेश जैन रानू, श्रीमती भानू साहू व गगन आईच, पार्षद प्रतिनिधि आशीष डोंगरे व अरूण साहू तथा समाजसेवी मनोज बैद विशेष रूप से उपस्थित थे।

नंदई छात्रावास मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का शुभारंभ अतिथियों ने फीता काटकर छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्जवलित कर राजगीत के माध्यम से किया, नेता प्रतिपक्ष श्री यदु ने भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने संकल्प दिलायी। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा सभी स्टालो का अवलोकन कर हितग्राहियो से केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने अपील की तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई का सामान देकर बच्चों का अन्नप्राशन किया एवं स्वास्थ्य बालक व बालिका को पुरूस्कृत किया तथा योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। शिविर में पार्षद श्रीमती मधु बैद ने कहा कि भारत सरकार द्वारा केन्द्र की योजनाओं का लाभ देने विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की है, यात्रा आज हमारे वार्ड के लोगों को लाभ देने नंदई पहुची, जहाँ निगम द्वारा आयोजित शिविर में योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने महिलाओं की चिंता कर महतारी वंदन योजना लागू की जिसका लाभ सब माता बहनों को उठाना है।

पार्षद विजय राय ने नगर निगम परिवार को धन्यवाद देते हुये कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जिसका उद्देश्य केन्द्रीय योजनाओं का लाभ लोगो को देना है, योजनाओं का लाभ देने निगम द्वारा वार्डो में शिविर लगाया जा रहा है, जहाँ गैस वितरण, ऋण देने तथा आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ साथ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है, जिसका लाभ वार्डवासी उठा रहे है। पार्षद श्री गगन आईच ने कहा कि सभी विभाग के अधिकारियों से निवेदन है कि वे शिविर में आये आवेदनों पर जल्द कार्यवाही करे, तभी संकल्प यात्रा की सार्थकता होगी।

### मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से 4 लोगों ने किया अनुभव साझा

केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के पहल के तहत 4 लोगों ने अपने अनुभव साझा किये। मातृ वंदन योजना, स्व निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के अलावा आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ लेकर स्वस्थ्य होकर अपना अनुभव साझा किये। सभी लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उनकी योजना का लाभ हम गरीबों को मिला जिससे हमारा जीवन सफल हुआ। इसके अलावा विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में ऑनलाईन क्विज में भी 50 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नगर निगम के अलावा स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, सहित विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दिये।

आज के नंदई में आयोजित शिविर में मनोहर यादव एवं उनकी टीम के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन महापौर परिषद के सचिव श्री संजीव कुमार मिश्रा ने किया। शिविर में पार्षद, पूर्व पार्षद, अधिकारी कर्मचारी सहित लाभार्थी व वार्डवासी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### विहिप-बजरंग दल ने दी चेतावनी, विदेशी परंपराओं से दूरी बनाए युवा



राजनांदगांव (दावा)। फरवरी माह में पश्चात सभ्यता का एक दिन वैलेंटाइन डे बहुत ही प्रसिद्ध है, जिसमें युवा पीढ़ी प्रेम के छलावे में आकर गलत एवं जीवन को बर बर्बरता पूर्ण कर देने वाले कृत्य कर बैठे हैं। कम उम्र के अपरिपम् बालक-बालिका माहौल पर समय के दबाव में आकर गलत निर्णय कर लेते है। इस विषय में बजरंग दल जिला संयोजक सुनील सेन द्वारा प्रेस नोट जारी करते हुए युवाओं से आह्वान किया है कि विदेशी परंपरा हमारे भारत देश के लिए घातक है, इस नाशवान, विदेशी परंपराओं और चीजों का बहिष्कार जरूरी है।

भारतीय संस्कृति त्याग, बलिदान और सम्मान का प्रतीक है। युवाओं को अपनी संस्कृति पथ पर चलना चाहिए, जिससे उनका भविष्य उज्जवल और समाज में नाम हो। युवाओं से 14 फरवरी को मातृ-पितृ दिवस मनाने का अपील किया गया है। बजरंग दल नगर संयोजक प्रिंस हाथीबेड ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे जिले में बजरंगी 14 फरवरी को सक्रिय रहेंगे और भटके हुए युवाओं को सही मार्ग पर लायेंगे। बजरंग दल ऐसे विदेशी त्यौहारों को नहीं मानता, जिसमे हमारे समाज का युवा का भविष्य गर्त मे जाता हो। इस समय पर पकड़ाए जाने वाले प्रेमी जोड़ों को उनके मन मुताबिक परिजनों के समक्ष तत्काल विवाह कराए जाने की योजना कार्यरत है, जिसे लागू किया जाएगा।

### मानस मंथन महोत्सव सम्मेलन 17 से

राजनांदगांव (दावा)। ऐतिहासिक मानस मंथन महोत्सव सम्मेलन 17, 18 फरवरी 2024 ग्राम पारीकला राजनांदगांव विगत 25 वर्षों से हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी हमारे ग्राम में मानस सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ अंचल के ख्यति प्राप्त मंडलियों का आगमन होना है। जो भी श्रद्धालु दान दाता है। वो पुरूषोत्तम साहू से सम्पर्क कर सकते है। मो.9770464413 रात आयोजन में समस्त श्रद्धालुगणों को आयोजक समिति शिव भोले मानस प्रचार समिति ने अधिक से अधिक संख्या में आकर-रामचरित मानास के इस प्रभु चरणों में लाभ लेने कि अपील की है। उक्त जानकारी शीतल प्रसाद साहू ने दी है।

### आज पेंशनर एसोसिएशन की बैठक

राजनांदगांव (दावा)। पेंशनर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला ईकाई राजनांदगांव की मासिक बैठक रविवार 11 फरवरी 2024 को स्थानीय ठा. प्यारेलाल हाईस्कूल में अपरान्ह 12.30 बजे रखी गई है। जिसमें जिला ईकाई, समस्त तहसील ईकाई व नगर ईकाई के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## शुभम महराज की श्रीमद्भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर वार्ड नं, 43 में आयोजित सुप्रसिद्ध कथावाचक शुभम महराज के श्रीमद्भागवत कथा में कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। वार्ड की समाजसेवी श्रीमती शारदा तिवारी के संरक्षकत्व एवं संस्कार महिला व युवा मंडल के तत्वावधान में शीतला मंदिर प्रांगण में चल रहे उक्त श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ धूमधाम के साथ कलश यात्रा से हुआ।

बता दें कि बसंतपुर स्थित भवानी नगर में श्रीराम लला महोत्सव से लेकर प्रत्येक धार्मिक आयोजन की धूम बनी हुई है। समाजसेवी श्रीमती शारदा तिवारी के यहां गुप्त नवरात्रि की पूजा अर्चना पूरे विधि विधान से जारी है। बसंतपुर में चल रहे उक्त भागवत कथा आयोजन में आयोजन में कथावाचक शुभम महराज जी गोकर्ण कथा से लेकर रोजाना श्रीमद्भागवत ज्ञान की गंगा बहा रहे हैं।

**श्री कृष्ण जन्म की बिखरी खुशियां**

महराज जी ने जब श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाई तो कथास्थल गोकुल-वृंदावन के रूप में परिवर्तित हो गया, और श्रद्धालु खुशी से झूम उठे। श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण जन्म की बधाईयां गाई।जब रुक्मिणी विवाह प्रसंग आया तो वार्ड की पार्षद श्रीमती खेमिन यादव, कस्तूरबा महिला मंडल की श्रीमती तिवारी सहित आमोद दीक्षित, सरस्वती माहेश्वरी,आशा गुप्ता अनिता जैन साधना तिवारी, ओ-कान्हा महिला मंडल व आराधना मंच की अर्चना दास, अलका जानी, दिव्या पांडे उमा खंडेलवाल, अमिता लोहिया, मंजू मिश्रा आदि महिला श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण-रुक्मिणी विवाह में सोने चांदी के आभूषण चढ़ाए व पार्षद तथा प्रतिनिधि राजेश यादव द्वारा, नेंग के रूप में पचहर दायज दिया गया।

**रुक्मणी विवाह में सोने-चांदी के जेवरों का चढ़ावा**

इसी तरह वार्ड के राज मरकाम चेतन यादव आकाश मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नगद राशि चढ़ाई और भगवान श्री कृष्ण के विवाहोत्सव की जमकर खुशियां मनाई। इस दौरान वार्ड के आकाश मानिकपुरी द्वारा गोवर्धन पूजा का मनोहारी दृश्य बनाया गया जिसे देख कर लोग अभिभूत हुए बिना नहीं रहे। श्रद्धालु महिलाओं ने इस दौरान भगवान श्री कृष्ण को 56 भोग चढ़ाएं। शुभम महराज ने श्री कृष्ण-सुदामा चरित्र का वर्णन कर करुण रस की गंगा बहा दी इससे लोगों के आंखों में आंसू आ गए। श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन महाप्रसादी भोज-भंडारे का आयोजन किया गया है। उक्ताशय की जानकारी पार्षद प्रतिनिधि राजेश यादव ने दी।

## शक्ति वंदन अभियान में लाभार्थी महिलाओं का हुआ सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी की शक्ति वंदन भारत संकल्प विकास की यात्रा आज रेवाड़ीह पहुंची, जहां पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का सम्मान किया गया। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शक्ति भाजपा द्वारा चलाई जा रही शक्ति वंदन विकास यात्रा से महिलाओं के उत्थान हेतु विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं, जिसमें महिलाओं की भागीदार हों, इसका विशेष ध्यान दिया जा रहा है और सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ महिला सशक्तिकरण के कार्य को आगे बढ़ाने में शक्ति वंदन योजना महिती भूमिका निभा रही है।

इस कड़ी में आज जिला भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की अगुवाई में शक्ति वंदन योजना का रेवाड़ीह में आगाज हुआ, जिसमें विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूह का सम्मान किया गया जिसमें प्रमुख रूप से भारत माता स्वच्छता समूह चौखड़िया पारा, स्वराज क्षेत्रीय संघ राजीव नगर, महालक्ष्मी क्षेत्रीय संघ चौखड़िया पारा, राधे कृष्णा स्वयं सहायता समूह, गौरी माता स्व-सहायता समूह एवं गंगा महिला स्वयं सहायता समूह की सैकड़ों बहनों को मंच पर बुलाकर सादर सम्मान किया गया एवं मोदी सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी महिलाओं को इन योजनाओं के लाभ के लिए प्रेरित करने का आह्वान भी किया गया।

भाजपा के जिलाध्यक्ष रमेश पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने महिलाओं को जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना से महिलाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित किया जाता है और उन्हें उचित मंच के माध्यम से मान सम्मान प्राप्त होता है, मोदी जी की परिकल्पना के अनुरूप शक्ति वंदन अभियान से पूरे देश में 10 करोड़ से अधिक महिलाओं से संपर्क करने का महान कार्य, भारतीय जनता पार्टी ने इस योजना के तहत किया है।

इस योजना से नगरीय निकाय क्षेत्र में शक्ति वंदन में लाभार्थी स्वयं सहायता समूह, स्वच्छता दीदी, मितानिन, जन-प्रतिनिधि से सीधा संपर्क कर जनता को लाभ दिलाने की योजना के साथ आम नागरिकों को भी जोड़ा जा रहा है। शक्ति वंदन की इस योजना में आज विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूह, मितानिन, स्वच्छता दीदी, किसान जनप्रतिनिधि नगरीय निकाय के अधिकारी एवं लाभार्थी के साथ जिला अध्यक्ष रमेश पटेल पूर्व राजगमी संपदा के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, वरिष्ठ नेता सचिन बघेल,सावन वर्मा, आभा तिवारी, शिव वर्मा, किशुन यदु,संजय लड्डुवन, उज्वल कसेर सहित बस्ती के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग में दंत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग में कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं हेतु दंत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान डॉक्टरों की विशेष टीम द्वारा बच्चों के दांतों की जाँच करने के साथ-साथ उन्हें अपने दांतों की स्वच्छता बनाये रखने हेतु विशेष जानकारियां दी गई। तत्पश्चात् बच्चों के दांतों की समस्याओं को देखते हुए इनसे संबंधित दवाइयां लिखकर दी गई एवं दातों के रखरखाव के बारे में भी बताया गया।

उक्त दंत स्वास्थ्य शिविर के अंतिम चरण में स्कूल संचालक नीरज बाजपेयी ने डॉक्टरों की पूरी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त शिविर में स्कूल प्राचार्या श्रीमती इला राठौर, उपप्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई, सहित कक्षावार शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

## शिवनाथ नदी पर बनेगा लक्ष्मण झूला - डी.सी.जैन



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विधायक एवम पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद उनके नगर आगमन पर शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ.डी सी जैन एवं समिति के अधिकारियों ने उनसे सौहार्दपूर्ण वातावरण में भेंट कर उनका पुष्प गुच्छ एवं पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया तथा उनके द्वारा अपने पिछले शासन काल में राजनांदगांव नगर एवं शिवनाथ तट मोहारा के विकास एवम सौंदर्यीकरण हेतु कराए गए चिर प्रतीक्षित परियोजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की गई।

शिवनाथ समिति के अध्यक्ष डॉ.जैन द्वारा डॉ.रमन सिंह से भेंट के दौरान शिवनाथ तट मोहारा मेला स्थल से भंवरमरा में उनके द्वारा लोकार्पित ऑक्सीजोन तक शिवनाथ नदी पर लक्ष्मण झूला (पाथवे) का निर्माण करवाने तथा ऑक्सीजोन का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कराया जाकर उसको पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने हेतु ज्ञापन सौंपा गया। डॉ. रमन सिंह जी द्वारा समिति की मांगों को शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया गया जिससे समिति के सदस्यों एवं नागरिकों में हर्ष व्याप्त हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह से भेंट करने वाले प्रतिनिधि मंडल में समिति के अध्यक्ष डॉ.डी सी जैन के साथ कोमल सिंह राजपूत, हरजीत भाटिया, अम्लेंदु हाजरा, राकेश इंदुभूषण ठाकुर, शैलेंद्र तिवारी, हरिशंकर झार राय सम्मिलित थे।

## पंकज बांधव बने लोकसभा प्रभारी



राजनांदगांव (दावा)। छ.ग. कांग्रेस प्रदेश कमेटी (अनुसूचित जाति विभाग) राजीव गांधी भवन रायपुर के पत्र क्रमांक 107 दिनांक 06. फरवरी 2024 प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार अंचल प्रदेश अध्यक्ष द्वारा मनोनयन पत्र के माध्यम से पंकज बांधव को अनुसूचित जाति विभाग राजनांदगांव कवर्धा लोकसभा प्रभारी मनोनयन किया गया है।

आगामी लोकसभा चुनाव में मोहला-मानपुर जिला, राजनांदगांव जिला, कवर्धा जिला, के अनुसूचित जातियों की बीच कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के समर्थन में इन वर्गों के बीच जाकर कांग्रेस के रीति-नीति व संगठन संबंधी समस्त दायित्वों का निर्वहन करेंगें। मनोनयन किये जाने पर जिला अध्यक्ष भागवत साहू राजनांदगांव, अनिल मानिकपुरी मोहला-मानपुर-अं. चौकी कांग्रेस कमेटी ग्रामीण व अगमदास अंनत कवर्धा, लोकदीप बोरकर अं.चौकी, कोषण कोसरे खैरागढ़, संदीप सिरमोर, गोपीचंद गायकवाड़, किशुन मिर्चे, अनिल मेश्राम, शिशुपाल भारती, धीरज रामटेके, सुनील कोठारी, मनहरण लहरे, सूर्यकुमार खिलारी एवं अन्य सभी पदाधिकारी ने बधाई दिये व राजनांदगांव लोकसभा में मिल-जूल कर कांग्रेस को मजबूती करने का काम अपील किये।



श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
मनोज राजपूत फिल्मस प्रस्तुत
गांव के जीरो शहर मा हीरो
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - मनोज राजपूत, इशिका यादव, किशानी घोष, धर्मेन्द्र चौबे, संजय महानंद आदि
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN Multiplex
09th Feb to 15th Feb 2024


Teri Baaton Main Aisa Uljha Jiya - 12:30,03:15,03:30,06:30,09:15 & 09:30 pm
Eagle (Hindi)- 06:15 pm
Gaon Ke Zero Sahar Ma Hero (Chhattisgarhi)- 12:15 pm
Fighter - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202402092100008**

विषय:-अ-6 अ मामले की श्रेणी:-राजस्व
सन:-2023-24
अण्डी (प.ह.नं.00028)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-जनकराम,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जनकराम पिता हुमन जाति गोड़ निवासी ग्राम व पोस्ट अण्डी, थाना बोरतलाब, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया है कि आवेदक के निजी भूमि स्वामित्व हक वो आधिपत्य के सामिलात खाते में ग्राम अण्डी, प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. चौथना, तहसील डोंगरगढ़ स्थित भूमि खसरा नंबर 627/1 का रकबा 0.283 हे.0 लगानी भूमि स्थित है। जो कि मेरे ऋण पुस्तिका में दर्ज है जो सही है। आवेदक अपने उपरोक्त भूमि पर काबिज होकर कास्त कर रहा हूं आनॅलाईन में खसरा, बी-1 में खसरा नंबर 627/1 रकबा 0.302 हे. दर्ज किया गया है। जो कि मेरे ऋण पुस्तिका एवं कास्त कब्जा के अनुसार अधिक है। वर्तमान कम्प्यूटरीकृत नक्शा खसरा, बी-1 के अनुसार खसरा नंबर 627/1 का रकबा 0.302 हे. है जो कि त्रुटिपूर्ण है। उपरोक्त निजी भूमि स्वामित्व हक वो आधिपत्य की भूमि का रकबा ऋण पुस्तिका एवं कब्जा के अनुसार खसरा नंबर 627/1 का रकबा 0.302 हे. के स्थान पर रकबा 0.283 दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 21.02.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/02/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार, तहसील डोंगरगढ़**

## आज सतनाम भवन में मधुमेह मुक्त अभियान आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। जिले के प्रबुद्ध नागरिकों भाइयों व बहनों को सूचित किया जाता है कि मधुमेह मुक्त अभियान (मधुमेह मुक्त समाज एवं स्वस्थ्य समाज) मधुमेह डायबिटीज, कारण एवं निजात प्रोग्राम के अंतर्गत कल 11 फरवरी दिन रविवार को समय प्रातः 11:00 बजे से 4:00 बजे तक स्थान सतनाम भवन जी.ई.रोड राजनांदगांव छत्तीसगढ़ में प्रसिद्ध मधुमेह विशेषज्ञ (डॉ.आर.के.सिंह प्राकृतिक चिकित्सा सूरत गुजरात विशिष्ट अतिथि डॉ.अजय पाण्डेय) योग्य अनुदेशक इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छत्तीसगढ़ एवं मुख्य अतिथि डॉ.हलधर पटेल वैकल्पिक इलेक्ट्रो होम्योपैथी भाठागांव रायपुर छत्तीसगढ़ अतिथि के व्याख्यान होगा, जिसमें मधुमेह के कारण और निदान कैसे प्राप्त कर सकते।

अतः नगर के गणमान्य नागरिकों, प्रबुद्धजनों, भाइयों-बहनों से सादर अनुरोध निवेदन है कि मधुमेह मुक्त अभियान मधुमेह मुक्त समाज एवं स्वस्थ्य समाज मधुमेह डायबिटीज कारण एवं निदान कार्यक्रम का निःशुल्क लाभ ग्रहण करें।

**शुभांक**

अनुमानित
बी. के.
379-9 170-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### आज कोटरासरार में कबड्डी प्रतियोगिता, 12 को मंडई

जंगलपुर (दावा)। ग्राम कोटरासरार में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 11 फरवरी को किया जा रहा है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 6001 रु., द्वितीय 4001रु., तृतीय 3001रु. व चतुर्थ 2001रु.रखा गया है तथा 12 फरवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। मंडई के अवसर पर रात्रि में मां अम्बे की खोज नाच पार्टी हुज्जेटोला चिल्हारी का कार्यक्रम रखा गया है ग्राम के गौतम साहू ने क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मंडई मेला का आंनद लेने की अपील की गई है।

**कार्यालय नगर पंचायत गण्डई, जिला-खैरागढ़-छुईखदान (छ.ग.)**

क्रमांक/2101/म.बा./रा.शा./न.पं./24 गण्डई, दिनांक 07/02/24

**मवेशी बाजार नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत गण्डई अधीनस्थ मवेशी बाजार की आम नीलामी वर्ष 2024-25 हेतु (दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025 तक के लिए) नियत बोली दिनांक 21.02.2024 को समय अपरान्ह 3.00 बजे से कार्यालय भवन में की जावेगी। इच्छुक बोलीकर्ता निकाय के समस्त बकाया करों एवं पूर्व नीलामी राशि का चुकता प्रमाण पत्र तथा अमानत राशि 30,000.00 दिनांक 21.02.2024 को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक जमाकर नीलामी बोली में भाग ले सकते है।
टीप:- नीलामी की समस्त शर्ते/अन्य जानकारियां राजस्व शाखा में कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत गण्डई**

**कार्यालय ग्राम पंचायत, सलोनी**
**जनपद पंचायत डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव**

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत में वाटर कुलर क्रय 1 नग, प्रा.शाला भवन सलोनी हेतु 1 नग वाटर कुलर, ग्राम पंचायत में डस्टबिन क्रय, आश्रित ग्राम छपारा हेतु डस्टबिन क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। संबंधित फर्मो से अपनी निविदा दरें सीलबंद लिफाफे में निविदा सूचना प्रकाशन से 3 (तीन) दिनों के अंदर 13 फरवरी तक प्रस्तुत करें।
**टीप:** निविदा से संबंधित नियम व शर्ते कार्यालय के सूचना पटल में देखी जा सकती है।

**सचिव, ग्राम पंचायत सलोनी**

# द्वितीय चरण के विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रचार प्रसार मोबाईल वेन सिंगदई पहुंची

राजनांदगांव (दावा)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वार्ड में आयोजित शिविर को अच्छा प्रतिसात मिल रहा है और लोग बड़ी संख्या में लोग शिविर में उपस्थित होकर केन्द्र शासन की योजनाओं की जानकारी ले रहे है। आज तीसरे दिन प्रातः बजरंग चौक सिंगदई में आयोजित शिविर में संकल्प यात्रा की मोबाईल वेन एवं विभिन्न शासकीय स्टालो के माध्यम से केन्द्र सरकार के योजनाओं की नागरिकों ने जानकारी लेकर लाभ लेने आवेदन भी किये। शिविर में नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, वार्ड के पार्षद अरूण देवांगन, पूर्व पार्षद भरत साहू व राकेश रावटे, पार्षद प्रतिनिधि सेवक उईके व श्री जीवन चतुर्वेदी के अलावा श्री सुनिल साहू व नोहर दास साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात श्री यदु ने आत्मनिर्भर विकसित राष्ट बनाने वार्डवासियों को संकल्प दिलायी। साथ ही अतिथियों ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कर बच्चों का अन्नप्राशन किया तथा स्वस्थ्य बालक व बालिका को पुरूस्कृत भी किया और आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री स्व निधि अंतर्गत ऋण पत्र, निराश्रित पेंशन के लिये स्वीकृति पत्र एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सिंगदई में उत्कृष्ठ मकान बनाने के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान किया तथा राष्ट्री क्रिमी दिवस के अवसर पर बच्चों को क्रिमी नाशक एल्मेंडाजाल दवा खिलायी गयी।

### मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से 5 लोगों ने किया अनुभव साझा

केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के पहल के तहत 5 लोगों ने अपने अनुभव साझा किये। जिसमें प्रधानमंत्री स्व निधि योजनांतर्गत श्रद्धा स्व सहायता समूह को 4 लाख रूपये ऋण तथा मॉ शारदा स्व सहायता समूह को 2 लाख रूपये का ऋण मिलने पर समूह की महिलाओं ने तथा पूर्णिमा साहू व धनिता साहू ने 10-10 हजार रूपये का निजी ऋण मिलने पर कहा कि हम



शिविर में बड़ी तादात में वार्डवासियों ने केन्द्र शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की ली जानकारी

सब घरेलू महिलाए समूह से जुडे है, और घरेलू व्यवसाय करने के इच्छुक थे, पर अर्थिक आभाव में व्यवसाय नहीं कर पा रहे थे, सामुदायिक संगठकों द्वारा प्रधानमंत्री स्व निधि ऋण जानकारी देने पर हमने ऋण लेने आवेदन दिया और आज हमे ऋण प्राप्त हो रहा है, इसी प्रकार निजी ऋण मिलने वाली महिलाओं ने भी कहा कि इस ऋण से हम अपना व्यवसाय कर सकते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने हम महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने में सहयोग किया, जिसके लिये हम उनका आभार व्यक्त करते है। इसके अलावा विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में ऑनलाईन क्विज में भी 45 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नगर निगम के अलावा स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, सहित विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दिये।

शिविर में नेता प्रतिपक्ष श्री यदु एवं पार्षद श्री वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने केन्द्रीय योजनाओं का लाभ जिन लोगों को नही मिला है उन्हें लाभ देने तथा जिन्हें लाभ मिला है उनका अनुभव साझा करने विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की है। आज द्वितीय चरण की यात्रा आपके द्वार पहुची है, जिसमें शासन की योजनाओं का बढ़ चढ़ कर लाभ ले। उन्होंने कहा कि आज आवास योजना व ऋण योजना का लाभ जिनको मिला है उन्होंनें अपना अनुभव भी साझा किये है। इसी प्रकार आप लोग भी शिविर में आकर इन्ही के तरह लाभ जरूर लेवे।

### विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने बड़ी तादात में वार्डवासियों ने किया आवेदन

सिंगदई शिविर में विभिन्न वार्डो के 15 सौ से अधिक लोग उपस्थित होकर एवं पोर्टर के माध्यम से योजनओं का लाभ लेने पंजीयन कराया। प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के लिये 11 लोगों ने पंजीयन कराया, आयुष्मान कार्ड के लिये 500 ने, आधार के लिये 30 ने, उज्जवला योजना के लिये 42 ने, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिये 21 ने, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिये 18, मातृत्व वंदन योजना के लिये 100 लोगों ने पंजीयन कराया तथा सैकडों लोगों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर आवेदन लिये। शिविर में लगभग 500 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निःशुल्क दवा प्राप्त किया।

शिविर में मनोहर यादव के छत्तीसगढ़ी झनकार कार्यक्रम की प्रस्तुती देकर योजनाओं का प्रचार प्रसार किया, वही वार्ड की नन्ही बालिकाओं ने मनमोहर नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन महापौर परिषद के सचिव श्री संजीव कुमार मिश्रा ने किया। शिविर में बड़ी संख्या में हितग्राही, लाभार्थी,वार्डवासी तथा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।


## मोदी जी ने देश और प्रदेश में आदिवासियों का सम्मान किया - मधुसूदन यादव



छुरिया (दावा)। आदिवासी ध्रुव गोंड समाज ओडारबांध महासभा द्वारा छुरिया समीप कल्लूबंजारी परिक्षेत्र के ग्राम झाड़ीखैरी में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के तीन जिले के 800 गांवों के गोंड समाज के सामाजिक बंधुओं का महासम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आसंदी पर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व सांसद मधुसूदन यादव व अध्यक्षता चंद्रिका प्रसाद डडसेना जिला उपाध्यक्ष, भाजपा विशेष अतिथि के रूप में रविन्द्र वैष्णव जिला महामंत्री, अजय पटेल अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष, संजय कुमार सिन्हा महामंत्री मुख्यरूप से उपस्थित रहे। आदिवासी समाज के द्वारा सभी अतिथियों का आदिवासी लोकनृत्य के कलाकारों द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान महिला सामुदायिक भवन व हेल्थ एंड वेलनेश सेंटर का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि देश के नवनिर्माण में आदिवासी समाज का बड़ा योगदान रहा है, और हमारे देश के मान प्रधानमंत्री जी ने देश और प्रदेश मे आदिवासियों को सम्मान दिया है,देश में राष्ट्रपति और प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री बनाकर सम्मान दिया है । भारतीय जनता पार्टी के सरकार सदैव आदिवासियों के हित में काम करती है,कार्यक्रम को चंद्रिका प्रसाद डडसेना ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कामता साहू,मनभावन सिंह उइके, राजेश्वर ध्रुवे, भूखन धनकर, तीरथ विश्वकर्मा, मदन नेताम अध्यक्ष ओडरबांध, भवन सिंह कोहकट्टा सहित आदिवासी समाज के सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या मौजूद रहे।

## आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर गोष्ठी एवं समर्पण दिवस के रूप में मनाई जाएगी



राजनांदगांव(दावा)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत का विश्व स्तर पर विस्तार कर भारत को उसका केंद्र बिंदु बनाने के सपने को साकार करने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने उनकी पुण्यतिथि 11 फरवरी पर समर्पण दिवस के रूप में मनाने के संकल्प के साथ-साथ गरीबों का कल्याण करने हेतु अनेक योजनाएं एवं कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 11 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर गरीबों के कल्याण हेतु अनेक कार्यक्रमों का आयोजन मंडल स्तर पर किया जाता है, साथ ही भाजपा कार्यकर्ता एवं आम जनता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को समझ सके इस निमित्त पार्टी द्वारा विभिन्न गोष्ठी एवं जनता के बीच उद्बोधन के कार्यक्रम भी किए जाते हैं। इस दिन भाजपा के कार्यकर्ता 5 रु. से लेकर 2000 रु. तक समर्पण राशि पार्टी को देते हैं, जिसे पार्टी डिजिटल माध्यम से स्वीकार करती है। भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल एवं महामंत्री रविंद्र वैष्णव ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुण्यतिथि के अवसर पर दोपहर 3 बजे भाजपा कार्यालय में गोष्ठी कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें सभी जनप्रतिनिधि एवं भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। गोष्ठी में वरिष्ठ भाजपा नेताओं का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

## अलौकिक तुझे सलामः गणतंत्र दिवस पर प्रतिवर्ष की तरह अपने जन्मदिन की राशि भारतीय सेना को की भेंट



राजनांदगांव (दावा)। शहर की नवमीं क्लास के 14 वर्षीय छात्र अलौकिक रामटेके जिनका जन्मदिन 26 जनवरी का है ने अपने जन्म दिवस पर जन्मदिन में खर्च की जाने वाली राशि में से कटौती करते हुए 5000 रु. की राशि को भारतीय सेना के नाम से जिलाधीश संजय अग्रवाल राजनांदगांव के माध्यम से गणतंत्र दिवस पर दान की. अलौकिक रामटेके पिता लव कुमार रामटेके माता श्रीमती दीपा रामटेक के पुत्र हैं जो रॉयल किड्स कार्मेंट स्कूल के छात्र हैं.

अलौकिक ने प्रेस को बताया कि वह बड़ा होकर भारत की रक्षा व सुरक्षा के लिए काम करना चाहता है विशेष कर भारतीय कानून व्यवस्था के लिए क्योंकि उनके माता-पिता दोनों पेसे से छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के वकील है. आगे बताया कि मैं प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मेरे जन्मदिन पर खर्च होने वाली राशि में से रु.5000 की राशि बचा करके भारतीय सेना को सहयोग के रूप में दे रहा हूं. और मैं चाहता हूं कि भारतीय सेवा विश्व में सबसे बड़ी सेना के रूप में और बड़ी ताकत के रूप में सामने आए. भारतीय सेवा के प्रति मेरे लगन को एवं आकर्षण को दिखती हुई ही मेरे माता-पिता ने मुझे इस कार्य के लिए प्रोत्साहित किया और मैं प्रतिवर्ष भारतीय सेना को 5000 रु. का दान विगत कई वर्षों से करते चले आ रहा हूं.

राजनांदगांव कलेक्टर संजय अग्रवाल को अलौकिक ने 5000 रु. का चेक ध्वजारोहण के पूर्व भेंट किया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में जिला कार्यालय के समस्त कर्मचारिगण उपस्थित रहे. जिलाधीश ने अलौकिक के इस नेक काम के लिए शुभकामनाएं दी। वही अलौकिक के माता-पिता अलौकिक के इस सराहनीय कार्य से काफी उत्साहित हैं तथा गर्व महसूस करते हैं कि उनका पुत्र देश की व देश की सेना की चिंता अभी से करता है भारत के प्रत्येक नागरिक को यह सोच रखनी चाहिए कि वह अपनी आमदनी का कुछ हिस्सा भारतीय सेना को दे। दादी श्रीमती शांताबाई रामटेके, दीदी गौतमी, माही, मासी यीशु, रानू-प्रजेश सहारे, नाना एल.आर. वाल्दे, नानी चिन्ताबाई, नाना अनिल सहारे, नानी सीमा सहारे, मामा भावेश वाल्दे, मामी प्रिती व प्रिशा वाल्दे ने बधाई दी.

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला जलाया



राजनांदगांव(दावा)। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं ओबीसी समाज के ऊपर राहुल गांधी द्वारा झारखंड में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कर ओबीसी समाज का अपमान किया है, इसके विरोध में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल के निर्देशानुसार जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष शिव वर्मा के आदेशानुसार शहर के ह्रदय स्थल मानव मंदिर चौक में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा झुठ बोलकर प्रधानमंत्री मोदी जी को बदनाम कर सस्ती लोकप्रियता हासिल करना आदत हो गई है। इसके पहले भी मोदी के बारे में गलत टिप्पणी किया गया था जिसमें उन्होंने सभी मोदी तेली जाति को चोर कहा था। जिसके फलस्वरूप अदालत ने उन पर कार्रवाई करते हुए उनकी लोकसभा की सदस्यता खत्म कर दी गई थी। जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष शिव वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के विश्व व्यापी लोकप्रियता से क्षुब्ध होकर राहुल गांधी देश के ओबीसी समाज के बड़े नेता मोदी जी के जाति पर अनर्गल बयान देकर ओबीसी समाज के साथ ही समूचे तेली जाति का अपमान कर रहे हैं। पुतला दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिव वर्मा, महामंत्री राजेश बिसने, उपाध्यक्ष पवन निर्मलकर, पार्षद मधु बैद, गगन आईच, राजेश जैन रानु, गप्पु सोनकर, शंकी बग्गा, रमेश सोनवानी, संतोष निर्मलकर, भीष्म देवांगन, संजय सोनी,सतीश धीवर, हरीश साहू, योगेश देवांगन, ललित नायडू,दीपेश सोनी, संदीप सोनी, श्रीमती पुनम साहू, निशा श्रीवास, सुनील साहू, राकेश साहू, नोमेश वर्मा,अंबर साहू, एवं याद दास साहू सहित बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 28 फरवरी तक



डोंगरगढ़ (दावा)। हाथीपाव से बचाव हेतु फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन 10 फरवरी को प्रारंभ किया गया। जो 28 फरवरी तक किया जाना है। 10 फरवरी को विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल एवं नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम के द्वारा फाईलेरिया सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम का शुभारंभ स्वयं दवा सेवन कर किया गया। उनके द्वारा यह संदेश दिया गया कि फाईलेरिया की दवाई सभी 2 वर्ष से उपर सभी आयु वर्ग के नागरिकों को ली जानी है। यह दवा हाथीपाव जैसे गंभीर बीमारी को रोकती है एवं सरकारी अस्पताल एवं समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध है। इस दवा के सेवन से काई प्रतिकूल प्रभाव नहीं है एवं दवा सुरक्षित है।हमने तो फाईलेरिया की दवा खा ली अब आपकी बारी है। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ बी पी एक्का द्वारा आम जनों से स्वास्थ्यगत अभियान को सफल बनाने की अपील की गई है।

## बजट प्रतिक्रिया....

### महिला वर्ग को सुरक्षित एवं सशक्त करने वाला बजट- संगीता मिश्रा



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला मोर्चा की कार्यसमिति सदस्य श्रीमति संगीता आदित्य मिश्रा ने अपने बयान में कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पेश किये बजट में महिला वर्ग को सशक्त बनाने के लिये की गयी घोषणा से ये साबित होता है कि भाजपा महिलाओं को स्वावलंबी सशक्त बनाने कृतसंकल्पित है।

नोनी योजना, महतारी वंदन योजना, और अंब्रेला योजना जैसी अनेक योजनाओं से छत्तीसगढ़ प्रदेश की महिलाएं स्वावलंबी एवं सशक्त होंगी। श्रीमति मिश्रा ने कहा कि मोदी जी की गारंटी को साकार करने का कार्य इस बजट के माध्यम से किया जा रहा है। श्रीमति मिश्रा ने बजट को सर्व हितकारी बताते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति अभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस बजट से निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ विकसित राज्यों की कतार मे खड़ा होगा।

### युवा, किसान, महिला सहित आम जनमानस का बजट-मोनू बहादुर



राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ में पेश किये गए बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने कहा है कि वित्तमंत्री ओपी चौधरी जी द्वारा जारी किया गया बजट सर्व जनहितकारी है। इस बजट में सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा गया है। मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि एक लाख 47 हजार 500 करोड़ का यह बजट पूर्ववर्ती भूपेश सरकार से 22 फीसदी अधिक है। उन्होंने कहा कि बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पर्यटन, धार्मिक स्थलों, कृषि कारोबार का ध्यान रखा गया है। वहीं कोई नया कर नहीं लगाया गया है जो स्वागत के योग्य है।

मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि युवाओं के लिए सरकार ने रोजगार, शिक्षा और स्वरोजगार के दरवाजे खोले हैं। वहीं यूपीएससी के विवादों के बाद उसके रिफॉर्म की बात कही है। इसके अलावा कला, साहित्य और खेल के क्षेत्र में युवाओं के योगदान को प्रोत्साहित और सम्मान देने के लिए 1 करोड़ 50 लाख का प्रावधान किया गया है जो युवाओं के लिए बड़ी सौगात है। मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि यूपीएससी की तैयारी के लिए एससी, एसटी व ओबीसी वर्ग के छात्रों के लिए दिल्ली में स्वीकृत 65 सीटों को बढ़ाकर अब 200 कर दिया गया है। इसके लिए शिक्षण शुल्क के साथ ही आवास भत्ता भी दिया जाएगा। इसके लिए 4 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस हिसाब से युवाओं के लिए यह बजट लाभप्रद है। मोनू बहादुर सिंह ने वित्त मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि बजट में राजनांदगांव का विशेष ध्यान रखते हुए मेडिकल कालेज में ट्रामा सेंटर खोले जानी की बात आम जनता के लिए सुखद है। कुल मिलाकर पूरे बजट में सभी का ध्यान रखा गया है।

### साय सरकार का बजट पूर्णतः निराशाजनक - महेंद्र यादव



राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ में साय सरकार के पहले बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला पंचायत सदस्य व जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण महामंत्री महेंद्र यादव ने कहां कि बजट पूर्णतः निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि यहां के लिए सरकारी उद्योग की दरकार थी। जो इस बजट को देखने सुनने से पूरी नहीं हुई है। अविभाजित राजनंदगांव जिले के हिसाब से देखें तो केजीजी और और एमसी जिले के लिए भी कोई पिटारा नहीं खोला गया है। इन जिलों के लोगों के लिए यह बजट सिर्फ निराशाजनक है।

श्री यादव ने आगे कहा कि राजनांदगांव जिले सहित एमसी और केसीजी को कोई बहुत बड़ी सौगात इस बजट में नहीं दिए है। भाजपा सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के नाम पर महिलाओं से धोखा किया गया है अधिकतर महिलाएं भाजपा सरकार के द्वारा जो नियम जारी किया गया है। उसकी वजह से बहुत सी महिलाएं बाहर हो रही है। जबकि सभी विवाहित महिलाओं को 1000 रुपये देने की बात कही गई थी। प्रदेश के संविदा कर्मचारी और दैनिक वेतन भोगी कर्मियों के नियमितीकरण को लेकर बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। अन्य विषयों को लेकर भी छत्तीसगढ़ की जनता को धोखा दिया गया है। जो कि ठीक नहीं है सामने लोकसभा चुनाव है जनता भाजपा को इसका जवाब अवश्य देगी।

### विष्णु देव सरकार का ऐतिहासिक बजट - वरुण पाण्डेय



राजनांदगांव। बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता वरुण पाण्डेय ने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास को एक नई रफ्तार देगा यह छत्तीसगढ़ के लोगों के सपनों को साकार करने वाला बजट है।

यह बजट केवल राशियों का आवंटन नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के विकास का एक रोड मैप है जिससे छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में खड़ा हो सकेगा।

श्री वरुण पांडेय ने कहा हैं कि छत्तीसगढ़ के विकास में टेक्नोलॉजी का उपयोग,बच्चो की पढ़ाई के लिए नालंदा परिसर जैसे नए 22 संस्थान,160 आईटीआई का उन्नयन, छत्तीसगढ़ प्रोद्योगिकी संस्थान, बस्तर वि.वि. में नवीन शिक्षा विभाग, सूरजपुर, गरियाबंद, कोंडागांव,सुकमा, बलरामपुर में जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना, साइंस सिटी, एस्ट्रो पार्क, जशपुर में एग्रो बिजनेस कॉलेज छत्तीसगढ़िया क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना, गोंडी भाषा के प्रोत्साहन हेतु सॉफ्टवेयर निर्माण सहित कई ऐसे प्रावधान बजट में है, जो छत्तीसगढ़ के विकास को तेज गति देंगे।

### बजट चुनावी घोषणाओं से कहीं दूर - अब्दुल कलाम



राजनांदगांव(दावा)। राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर प्रभारी उड़ीसा अब्दुल कलाम ने छग में वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट पर तिखी प्रतिक्रिया दी है। श्री कलाम ने कहा कि 1 लाख 47 हजार 446 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया गया है। सरकार ने प्रदेश के 1 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा था, पर बजट में नई नौकरियों के लिए प्रावधान तो दूर की बात है।

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में युवाओं को मिल रहे बेरोजगारी भत्ता योजना को ही हटा दिया है, जो युवाओं के साथ अन्याय है। मोदी की गारंटी बताकर महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा करने वाली भाजपा गैस सिलेंडर में सब्सिडी के लिए एक रुपए का भी बजट में प्रावधान नहीं कर पाई हैं। प्रदेश के युवाओं तथा महिलाओं को बजट से उम्मीदें थीं, लेकिन इस बजट ने उन्हें भी निराश कर दिया। श्री कलाम ने कहा वित्त मंत्री का बजट अभिभाषण भाजपा के चुनावी जुमलो की तरह लगा।

कांग्रेस सरकार में 25 लाख तक विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना संचालित थी जिसमें हमर अस्पताल, हमर लैब, हाट बाजार क्लिनिक, मोहल्ला क्लीनिक, स्लम स्वास्थ्य चिकित्सा योजना संचालित थी। कांग्रेस सरकार के पिछले बजट में 19488 करोड़ का प्रावधान शिक्षा के लिए था, जो बजट का 19 फीसदी था पर भाजपा की नई सरकार के बजट में उक्त राशि को घटाकर 16 फीसदी कर दिया गया है।

श्री कलाम ने कहा बजट भाजपा के छग के लिए बनाए गए स्लोगन हमने बनाया है हमी संवारगे के विपरीत नजर आ रहा है। बजट का प्रतिकूल प्रभाव भाजपा को लोकसभा चुनाव के परिणाम में दिखाई देगा।

### जनता की अपेक्षाओं के खिलाफ भीषण बेरोजगारी के माहौल में घोर निराशाजनक बजट - सैय्यद अफजल



राजनांदगांव(दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सैय्यद अफजल अली ने कहा बजट में ना राहत हैं ना रियायत हैं। ये एक घोर निराशाजनक बजट हैं। महंगाई से त्रस्त जनता के लिए कोई ठोस रणनीति नहीं युवाओं के रोजगार हेतु कोई रोड मैप नहीं दिखता। प्रदेश के युवा, बेरोजगार, किसान, महिला, मजदूर, आदिवासी सभी वर्गों को हताश करने वाला बजट हैं। बजट में सिर्फ आंकड़ों की बात की गई है, सिर्फ खोखले दावे है, कैसे करेंगे नहीं बताया गया है। बजट में मोदी की गारंटी को पुरा करने का कोई ठोस विजन नहीं है। महंगाई से निपटने के लिए कोई ठोस रणनीति नहीं है। बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने का वादा किया गया था, पर इस बजट में इसका कोई प्रावधान नहीं दिखता। युवाओं का बेरोजगारी भत्ता भी हजम कर गई डबल इंजन की सरकार।

### भाजपा सरकार का वितीय बजट महज छलावा - विशु अजमानी.



राजनांदगाँव (दावा)। प्रदेश मे बैठी सत्तासीन भाजपा सरकार द्वारा बीते दिनों वर्ष 2024-25 का वित्तीय बजट प्रस्तुत किया गया था, जिस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव विशु अजमानी ने बजट को निराशाजनक बताते हुए महज छलावा करार दिया है। उन्होंने कहा है कि, इस लच्छेदार बजट में कुछ भी नया नहीं है। आदिवासी वर्ग से ताल्लुक रखने के बावजूद मुख्यमंत्री साय ने पूरे बजट मे बस्तर के आदिवासियों के विकास के लिए कोई विशेष पहल नहीं की है। छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान क्षेत्र होने के बाद भी बजट मे कृषि क्षेत्र के विकास के लिए भी कोई विशेष प्रावधान नहीं रखा गया है। महिलाओं को महतारी वंदन योजना के नाम पर महज लालीपाप भर पकड़ा दिया गया है। महिलाओं की आय बढ़ाने हेतु और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। जिन लोक लुभावने वादों को गारंटी बताकर भाजपा ने प्रदेश में सरकार बनाई है, वो गारंटी बजट में कहीं दिखाई नहीं दे रही है। पंचायत भवनो में बैंको की तर्ज़ पर कैश काउंटर स्थापित करने, रिक्त पड़े शासकीय पदों पर भर्ती का वादा, गरीब महिलाओं को 500 रु. में गैस सिलेंडर देने का वादा, जैसे एक भी वादे को बजट में पूरा करने में भाजपा सरकार नाकाम रही।

## अनमोल दावा

> शिक्षक कभी साधारण नहीं होता। प्रलय और निर्माण उसकी गोद में पलते है।

# अपराध की बदलती प्रकृति सरकार और पुलिस-प्रशासन के लिए बनी चुनौती

मुंबई में फेसबुक पर सीधे प्रसारण के दौरान शिवसेना (यूबीटी) के एक पूर्व विधायक के बेटे की जिस तरह गोली मार कर हत्या कर दी गई, वह अपने आप में एक दहला देने वाली घटना है। इसमें हत्या करने वाले व्यवसायी ने खुद को भी गोली मार कर खुदकुशी कर ली। इसलिए यह मामला बेहद उलझ गया लगता है। हालांकि शुरुआती जांच के मुताबिक दोनों में लंबे समय से निजी दुश्मनी थी और इसी प्रतिद्वंद्विता में उनके बीच पहले भी टकराव हो चुके थे, मगर वह एक-दूसरे के लिए परेशानी पैदा करने तक सीमित था। कुछ समय पहले दोनों के बीच सुलह हो गई थी और उन्होंने अपने इलाके के हित के लिए मिल कर काम करने की घोषणा की थी।

मगर ताजा घटना से यह साफ है कि पहले की दुश्मनी इस हद तक थी और उसकी जड़ें इतनी गहरी थीं कि फेसबुक पर बातचीत के सीधे प्रसारण के दौरान हत्या की यह त्रासद घटना हुई। संभव है कि इस वाकये की जांच में कुछ प्रत्यक्ष कारणों से इतर कुछ और वजहें भी सामने आएं, मगर इतना साफ है कि मरने वाले दोनों लोगों के बीच संबंधों में जैसी तल्खी थी, उसका अंजाम कुछ भी हो सकता था।

हालांकि राजनीति की दुनिया में कब आपसी टकराव दुश्मनी की शक्ल ले ले या फिर आम लोगों को चौंकाते हुए सुलह सामने आ जाए, कहा नहीं जा सकता। हाल ही में महाराष्ट्र के ही उल्हासनगर में एक भाजपा विधायक और उसके एक साथी ने जमीन विवाद की वजह से एकनाथ शिंदे के गुट वाले शिवसेना के एक नेता पर पुलिस थाने के भीतर गोलीबारी कर दी थी। इस तरह की आपराधिक घटनाओं को अब जिस तरह बिना किसी हिचक के सार्वजनिक रूप से अंजाम दिया जा रहा है, उससे लगता है कि कानून-व्यवस्था का खौफ खत्म हो गया है। सोशल मीडिया पर बातचीत के सीधे प्रसारण के दौरान हत्या की घटना यह बताती है कि जब दुश्मनी का रूप बेहद जटिल हो जाता है, तब शायद बहुत सोच-समझ कर ऐसा तरीका आजमाया जाता है, जो व्यापक पैमाने पर लोगों पर असर डाले। अपराध की यह बदलती प्रकृति सरकार और पुलिस-प्रशासन के लिए एक चुनौती है कि इनसे कैसे निपटा जाए। मगर कानून का खौफ कायम कर अपराध की रोकथाम भी संभव है।

# मोदी के आत्मविश्वास से भरा आम चुनाव का गणित

-: ललित गर्ग:-

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा के समय विपक्ष की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मविश्वास एवं कर्मठता से भरकर कहा कि मैं ऐसे आंकड़ों में नहीं पड़ता लेकिन मैं देख रहा हूं कि देश का मिजाज भारतीय जनता पार्टी को 370 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 से ज्यादा सीटें पार करवाकर रहेगा। भाजपा इस बार चुनावों में 400 पार का नारा दे रही है। 2019 चुनावों में भाजपा ने 303 सीटें जीती थीं। निश्चित ही इतने बड़े आंकडे की घोषणा करने के पीछे नरेन्द्र मोदी की सकारात्मक सोच, विकास की राजनीति एवं राष्ट्र-विकास का संकल्प है, वहीं विपक्ष एवं कांग्रेस की नकारात्मक सोच, विरोध के लिए विरोध और विभाजनकारी रवैया उसके लगातार कमजोर होने के कारण हैं। प्रधानमंत्री ने सीटों का जो आकलन किया है, वह सिर्फ इस बात का संकेत है कि भाजपा अपने तीसरे कार्यकाल को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। उन्होंने उन अटकलों पर भी विराम लगा दिया, जिनमें कहा जा रहा है कि इंडिया गठबंधन के रूप एकजुट हुआ विपक्ष उनको चुनौती देगा, क्योंकि विपक्षी एकजुटता बिखर चुकी है।

मोदी ने संसद के भीतर जब अपने चुनावी लक्ष्य की बात कही तो इसने भाजपा कार्यकर्ताओं को ऊर्जा से भर दिया, वहीं विपक्ष के सामने आत्मचिन्तन का अवसर प्रदत्त किया। कांग्रेस को 10 साल के दौरान अच्छा विपक्ष बनने का मौका मिला लेकिन इसमें वह पूरी तरह विफल रही। स्वयं तो विफल रही ही, बल्कि विपक्ष में भी कुछ होनहार लोगों को उभरने नहीं दिया। कांग्रेस की नकारात्मक एवं संकीर्ण राष्ट्र-विरोधी राजनीति को देश की जनता महसूस करने लगी है। कांग्रेस किस तरह नकारात्मक राजनीति का शिकार है यह लोकसभा में ही तब देखने को मिला जब सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने बालाकोट में की गई एयर स्ट्राइक पर सवाल खड़े किए। ध्यान रहे ऐसे ही सवाल पाकिस्तान खड़े करता रहा है।

आखिर उन्हें पाकिस्तान के स्वरों में स्वर मिलाने एवं उसको रास आने वाला बयान देने की जरूरत क्यों पड़ गई? ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, वह बार-बार कभी पाकिस्तान तो कभी चीन की तरफदारी करती रही है। मोदी विरोध के नाम पर वह राष्ट्र-विरोध पर उतरती रही है।

प्रधानमंत्री मोदी के इस विश्वास एवं दृढ़ता की अनेक वजहें है। एक बड़ी वजह हाल ही में साल 2023 के विधानसभा चुनावों में भाजपा की शानदार जीत दर्ज करना भी है। विशेषकर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का परिणाम तो कल्पना से भी बाहर था। दूसरी वजह, रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा ने लोगों में एक नए जोश का संचार किया है। अंतरिम बजट में ही जिस तरह से आने वाले कुछ महीनों को लेकर नीतियों का एलान किया गया है, वह संकेत है कि भाजपा अपनी जीत को लेकर काफी आश्वस्त है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक एवं चमत्कारी जीत की संभावनाओं की और भी वजहें हैं, जिनमें प्रधानमंत्री के कार्यकाल की सुखद एवं उपलब्धिभरी प्रतिध्वनियां हैं, जैसे चांद एवं सूर्य पर विजय पताका फहरा देने के बाद धरती को स्वर्ग बनाने की मुहीम चल रही है, राष्ट्रीय जीवन में विकास की नयी गाथाएं लिखते हुए भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने की ओर अग्रसर करना है। भारत अब विश्व-गुरु भी बनने की ओर गतिशील है। गत वर्ष 9 एवं 10 सितम्बर को जी-20 देशों का महासम्मेलन भारत में सफलतापूर्वक सम्पन्न होना भी भारत की विश्व स्तर पर मजबूत होने की स्थिति को दर्शा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस जिम्मेदारी को संभालने का अर्थ था भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बल देना। नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा घोषित नई शिक्षा नीति की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता धीरे-धीरे सामने आने लगी है एवं उसके उद्देश्यों की परते खुलने लगी है। भाजपा इसलिए भी आशान्वित है, क्योंकि जिस विपक्षी एकता की बात 2023 के मध्य से चल रही थी, उसमें दरारे पड़ती ही जा रही है। तमाम विपक्षी पार्टियां अपने-अपने ढंग से चुनाव लड़ने को तैयार हैं और कांग्रेस से उनकी खींचतान चल रही है। फिर, जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती थीं, वहां पार्टी ने अपने अनवरत प्रयासों से खुद को मजबूत बना लिया है, फिर चाहे वह महाराष्ट्र हो या बिहार। कांग्रेस एवं विपक्षी दलों के पास भाजपा एवं मोदी विरोध का कोई सशक्त धरातल एवं मुद्दें नहीं है। वैसे तो हर एक का जीवन अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरा रहता है। लेकिन कांग्रेस का हर दिन कई विरोधाभासों के बीच बीत रहा है। कांग्रेस की उल्टी गिनतियां चल रही हैं। उसकी उल्टी गिनती तो लम्बी चलेगी। पर जनता के दिमाग में एक बात गहरे तक बैठी हुई है कि मोदी के नेतृत्व में सब कुछ बदल जाएगा, भारत सशक्त हो जायेगा, सब कुछ अच्छा हो जाएगा एवं सब कुछ श्रेष्ठ हो जाएगा। इसके विपरीत कांग्रेस की जनता पर पकड़ ढ़ीली पड़ती जा रही है, उसके बयानों में कोई बुनियादी मुद्दें नहीं होते, बार-बार बेरोजगारी की चर्चा सुनने को मिलती है, जबकि 2014 से पहले इंफ्रास्ट्रक्चर का बजट केवल 12 लाख करोड़ के आसपास था। बीते 10 सालों में बजट बढ़कर 44 लाख करोड़ हो गया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश में कितनी नौकरियां पैदा हुई होंगी। आज युवाओं के लिए जितने नए अवसर बने हैं, ये पहले कभी नहीं बने। आज चारों तरफ स्टार्टअप्स की गूंज है, यूनिकॉर्न्स चर्चा में है। 2014 के पहले डिजिटल इकोनॉमी का साइज ना के बराबर था। आज भारत, दुनिया की अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी है। लाखों युवा इससे जुड़े हैं और उनके सपनों को पंख लगे हैं। इसी तरह महिलाओं को सम्मानजनक जिन्दगी देने एवं उनके विकास को अग्रसर करने में मोदी सरकार ने व्यापक प्रयत्न किये हैं। एक संकल्प लाखों संकल्पों का उजाला बांट सकता है यदि दृढ़-संकल्प लेने का साहसिक प्रयत्न कोई शुरु करे। निश्चित ही अंधेरों, अवरोधों एवं अक्षमताओं से संघर्ष करने की एक सार्थक मुहिम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 में शुरू हुई थी और उनका तीसरा कार्यकाल इन दृष्टियों से ऐतिहासिक होगा, यह आम जनता में पनप रहा विश्वास है। मोदी ने अपने अब तक के कार्यकाल में जता दिया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति वाली सरकार अपने फैसलों से कैसे देश की दशा-दिशा बदल सकती है। कैसे राष्ट्र की सीमाओं को सुरक्षित रखते हुए पडौसी देशों को चेता सकती है, कैसे स्व-संस्कृति एवं मूल्यों को बल दिया जा सकता है। काशी हो या अयोध्या या ऐसे ही धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्रांति के परिदृश्य-ये अजूबे एवं चैंकाने वाले लगते हैं। अयोध्या से नरेन्द्र मोदी ने जो संदेश दिया है, उसे केवल चुनावी नफा-नुकसान के नजरिये से नहीं देखना चाहिए, बल्कि एक सशक्त होते राष्ट्र के नजरिये से देखा जाना चाहिए। उनका यह कहना खास मायने रखता है कि सदियों की गुलामी के चलते भारत को जिस हीनभावना से भर दिया गया था, आज का भारत उससे बाहर निकल रहा है। यह स्थिति आगामी लोकसभा चुनाव की जमीन बनेगी। स्पष्ट है, आम चुनाव में अब बहुत दिन शेष नहीं है, और दोनों मोर्चों की बिसात कमोबेश बिछ चुकी है। हालांकि, एक तरफ भाजपा जैसा सुगठित दल हैं, जिसके पास मोदी जैसा एक मजबूत नेतृत्व और स्पष्ट नजरिया है। जबकि उसे चुनौती देने वाले मोर्चे में फिलहाल काफी उथल-पुथल है। ऐसे में, यदि विरोधी खेमा नहीं चेता, तो प्रधानमंत्री ने जिन आंकड़ों के साथ जीत का दावा किया, वह यदि सच हो जाए, तो आश्चर्य नहीं होगा।



प्रधानमंत्री पिछले 10 वर्षों के दौरान हासिल अपनी सरकार की उपलब्धियां न गिनाकर, विपक्ष और खासकर कांग्रेस पर तंज के तीर बरसाए, इसके पीछे उनका स्पष्ट राजनीति मकसद रहा है। प्रधानमंत्री मोदी यह बखूबी जानते हैं कि अपने प्रतिपक्षी को कभी कमतर नहीं आंकना चाहिए, फिर अगले लोकसभा चुनाव के महासंग्राम में जिस पार्टी से उनका सबसे अधिक सीटों पर आमना-सामना होना है, उसकी कमियों, उसके अंतर्विरोधों, उसकी नाकामयाबियों एवं नकारात्मक सोच को देश की जनता के सामने रखना अधिक प्रभावी एवं मनोवैज्ञानिक तरीका है, उस पर दबाव बनाने एवं उसे कमजोर साबित करने का। मोदी इसमें माहिर है एवं राजनीतिक परिवक्वता से भरे हैं।

ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन,
पटपड़गंज, दिल्ली-92
फोनः 22727486, 9811051133

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 63: राम-लक्ष्मण मिथिला के राजकीय उद्यान पहुंचे

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



थोड़ा आगे बढ़ने पर ऐसा प्रतीत हुआ जैसे किसी राज्य की सीमा प्रारंभ हो रही है। अनेक स्थान पर राज ध्वज दिखाई देने लगे हैं। कुछ जगहों पर राजकीय सैनिक और कर्मचारी भी दिखाई पड़ते हैं। कहीं-कहीं पेड़ों की सघनता कम है और ऐसा लग रहा है कि उन क्षेत्रों को राजकीय उद्यानों और पथिकों के ठहरने की जगह के रूप में विकसित किया गया है। अभी तक का रास्ता पगडंडियों भरा था लेकिन अब पर्याप्त चौड़ाई लिए हुए मार्ग हैं। गुरु विश्वामित्र ने एक स्थान पर दिखाई दे रहे दो-तीन मार्गो में से एक का चयन किया और वे तीनों उत्तर दिशा वाले उस मार्ग पर आगे बढ़ने लगे।

प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण स्थलों से होते हुए गुरु विश्वामित्र और श्री राम तथा लक्ष्मण जनकपुर के निकट पहुंचे। नगर के प्रवेश क्षेत्र के पास ही एक बड़ा उद्यान है। यहां के प्रहरियों ने तीनों का हाथ जोड़कर स्वागत किया। गुरु विश्वामित्र तथा राम और लक्ष्मण के चेहरे पर अपूर्व तेज देखकर प्रहरीगण भी सम्मोहित से हैं। इस उपवन के एक स्थान पर सघन वृक्षों के नीचे एक बड़ा चबूतरा है। उपवन के पौधों में रंग-बिरंगे पुष्प शोभित हैं। आसपास अशोक, बिल्व, चंपक, करंज और केतकी के पेड़ हैं।वृक्ष की शाखाओं पर कोकिला, खंजन, शुक और नीलकंठ की ध्वनि से उपवन गुंजित है।पास में ही एक छोटा सरोवर है। इसके पारदर्शी जल में क्रौंच, सारस और हंस क्रीड़ा करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

लक्ष्मण जी ने अपने एक कंधे पर रखे हुए वस्त्र के थैले में से आस्तरण निकाला और चबूतरे पर बिछाया। गुरु विश्वामित्र ने आसन ग्रहण किया।गुरु के संकेत पर श्री राम और लक्ष्मण ने अपने धनुष, बाण और खड्ग चबूतरे के मध्यभाग में रखे।उपवन का सेवक तत्काल जल और कुछ फल लेकर सेवा में उपस्थित हो गया। आसपास ऋषि मुनियों के आश्रम थे। वे सब गुरु विश्वामित्र से मिलने के लिए उपवन में पहुंचने लगे। राज उद्यान के एक प्रहरी ने महाराज जनक तक एक तेजस्वी ऋषि और उनके साथ दो ओजस्वी युवकों के आने की सूचना पहुंचा दी थी।उन्हें थोड़ी ही देर में एक गुप्तचर ने भी आकर सूचित कर दिया था कि स्वयं महर्षि विश्वामित्र मिथिला के राज उद्यान में पधारे हैं। थोड़ी ही देर में महाराज जनक अपने कुछ सैनिकों के साथ राज उद्यान में पहुंचे।

''प्रणाम महामुनि!''

''आयुष्मान भवः राजन!''

'' यह क्या देव! मिथिला में आपका पहला ठहराव मेरी कुटिया के बदले इस उपवन में?'' महाराज जनक ने प्रेम पूर्ण वाणी में निवेदन किया।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। इस लेखक ने रामकथा का एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -330

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 17 | | | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 329 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

## सू- दोकू क्र.330

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.329 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |



## कविता

### "मोर गांव के मड़ई आबे"

चारो मुड़ा हे देबी देवता, लागे तीरथ धाम हे।
बहिनी मन सीता बरोबर, भईया मन राम हे।
बनि भुति कमईया जिंहा, मजदुर अऊ किसान हे।
छ.ग. के भेषभूसा म, उही हमर पहिचान हे।
बर पीपर के शीतल छईहा म, थोकिन तै सुरताबे,
मोर गांव के मड़ई आबे।।
मुहाटी म बईठे रहु, देखत तुम्हर अगोरा म।
फुलदाई ल घलो लाबे, नजर रही मोर झोरा म।
डबरी पारा घर हावे, अऊ शिव मंदिर हे समेरा म।
राऊत नाचा के मजा अलग हे, होथे संझा बेरा म।
माघ पुन्नी म होथे मड़ई, देख भुला झन जाबे,
मोर गांव के मड़ई आबे।।
किजर किजर के घुमबो, देख अब्बड़ मजा आही।
दुख सुख ल गोठिया लेबो, अऊ भेंट बंदगी हो जाही।
राऊत मनके दोहा सोहर, शीतला जसगीत गाही।
देबी देवता के दरशन करके, मन के मनौती पाही।
बंशी आही, बंन्टी आही, अऊ पहुना मन ल लाबे,
मोर गांव के मड़ई आबे।।



आनंदराम सार्वा
कु.बो. भाठागांव

## कविता


### जीवन सफर ना जाने क्या होगा

मंजिल होगी की बस रास्ता होगा
वक्त का पहिया नहीं रुकता होगा
देखेंगे समय की धार में भी बहके
जीवन सफर ना जाने क्या होगा
अब तो केवल सफर ही सफर है
अब अनजानी सी ही हर डगर है
आशियाना हमारा कहीं तो होगा
जीवन सफर ना जाने क्या होगा
मुहब्बत में कहाँ मंजिल मिलता है
पतझड़ के बाद ही बहार मिलता है
अरमानो का कोई ठिकाना होगा
जीवन सफर ना जाने क्या होगा
चलते चले कंही तो पड़ाव होगा
जीवन का कंही तो ठहराव होगा
वो ठहराव कितना सुहाना होगा
जीवन सफर ना जाने क्या होगा
हर रास्ते में कांटे हजार होते है
क्यों डरे ये सबके साथ होते है
डर के आगे जीत हासिल होगा
जीवन सफर ना जाने क्या होगा
जीना है खुद के लिए यह जीवन
परिवर्तन का आधार है ये जीवन
परिवर्तन से प्रसून खिलता होगा
जीवन सफर ना जाने क्या होगा




प्रमेशदीप मानिकपुरी
आमाचानी धमतरी
9907126431

## राशिफल




**मेष**

आज का दिन आपको लाभ दिलाने वाला है। कार्यक्षेत्र में आ रही समस्याओं का रास्ता आज ढूंढ लेंगे। आप अपनी ऊर्जा को अच्छे कामों में लगाएंगे। आप किसी सामाजिक काम में अपना सहयोग करेंगे । इस राशि के सरकारी कर्मचारियों के लिए दिन व्यस्तता से भरा होगा। किसी काम में की गई मेहनत जरूर सफल होगी।




**वृषभ**

आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की नई सौगात लाया है। जीवनसाथी की बेहतर सलाह से आपको पैसे कमाने का नया जरिया मिलेगा। मित्रों के साथ किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे। आपके क्रोध से कोई बना हुआ काम बिगड़ भी सकता है, इसलिए आपको अपने गुस्से पर पूरा कंट्रोल रखना चाहिए।




**मिथुन**

आज आपका दिन बहुत शुभ रहेगा। आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। आर्ट स्टूडेंट्स के लिए दिन फेवरेबल रहेगा, ज्यादा समय अध्ययन में गुजरेगा। सुबह के समय वर्क आउट शुरू करने से आप चुस्त-दुरुस्त बने रहेंगे। आपको व्यवसाय से जुड़े सुनहरे अवसर मिलेंगे।



**कर्क**

आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरुरत है। करियर के क्षेत्र में भी आपको अपने गुरु का सहयोग मिलेगा आप जीवन में आगे बढ़ेंगे।



**सिंह**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्रोग्राम सफल होगा। आज घर के बड़े-बुजुर्ग की सेवा करने से आपको अच्छा महसूस होगा। रिश्तेदारों में आपकी तारीफ होगी। आज आपको अपनी मनपसंद चीज मिल सकती है। अपनी सेहत को ठीक रखने के लिए आज आपको तली-भुनी चीजों को खाने से बचना चाहिए।




**कन्या**

आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आप कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने में भी सक्षम रहेंगे। आप अपने काम व जीवन के बीच बैलेंस बनाये रखेंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा। जीवनसाथी के साथ डीनर करने का प्रोग्राम बनायेंगे।




**तुला**

आज आपका दिन थोड़ा व्यस्तता से भरा हो सकता है। आप पिछले छूटे कामों को पूरा करने में बिजी रहेंगे। आज आपको किसी भी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करने से बचना चाहिए। साथ ही किसी भी तरह का बड़ा निवेश करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह लेना बेहतर रहेगा। हर्ष और उल्लास का माहौल बना रहेगा।




**वृश्चिक**

आज आपका दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। आप माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर जायेंगे। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा बन जायेगा। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में सामंजस्य बना रहेगा। बच्चों के लिए आज का दिन बढ़िया है।




**धनु**

आज आपका दिन रोज की अपेक्षा ज्यादा अच्छा रहेगा। व्यापार के क्षेत्र में थोड़ी मुश्किलों के बाद लाभ का योग बना रहेगा। बेवजह की भाग दौड़ से बचें। आध्यात्मिकता की ओर आपका रुझान होगा। आपके अच्छे काम से उच्चाधिकारी खुश होंगे। घर पर मेहमानों का आगमन होगा। आज करियर में आपको।



**मकर**

आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर बना रहेगा। सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरूस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को सफलता के लिए शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। अपने घर का डेकोरेशन फेस्टिवल के अनुसार कर सकते हैं।



**कुंभ**

आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है, उन्हें काम से जुड़ी कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा। लोगों की मदद के लिए मौका मिल सकता है।



**मीन**

आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। बेरोजगारों को रोजगार के अच्छे अवसर मिलेंगे। आज दोस्तों के साथ आउटिंग पर जाने से आपको खुशी मिलेगी। धन से जुड़ी चिंताएं छूमंतर हो जाएगी। साथ ही कहीं रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। आगे बढ़ने के कई मौके मिलेंगे।

# राजस्व समस्या निवारण शिविर में पहुंचे कोटवार-4 माह से नहीं मिला पारिश्रमिक



डोंगरगांव(दावा)। तहसील स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन शनिवार 10 फरवरी को संस्कृतिक भवन में आयोजित हुआ, जहां राजस्व संबंधी मामलों के निपटान को लेकर समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया. कटी-फटी नामांतरण राजस्व दस्तावेजों में सुधार सहित अन्य कार्यों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तहसीलदार सहित राजस्व की पूरी टीम मौजूद थी. इस दौरान राजस्व विभाग के सबसे महत्वपूर्ण अंग माने जाने वाले कोटवार ही अपनी समस्याओं का हल के लिए आवेदन दिया है. डोंगरगांव के अंतर्गत 111 कोटवार और खुज्जी के अंतर्गत 90 कोटवार कार्यरत है, जिनका चार माह से पारिश्रमिक नहीं मिला है और ऐसी परेशानी केवल एक बार की नहीं है यह स्थिति लगभग हर बार होती है और चार से छह माह में एक बार वेतन मिलने से कोटवारों को अनेक आर्थिक संकटों से गुजरना पड़ता है. कोटवार संघ के अध्यक्ष हीरालाल ने बताया कि इस संबंध में अधिकारियों को मौखिक जानकारी दी गई थी, आज समस्या निवारण शिविर में आवेदन दिया गया है और अधिकारियों ने जल्द ही समस्या के निराकरण की बात कही है.

बता दें कि राजस्व विभाग के अंतर्गत डोंगरगांव के समस्या निवारण शिविर के तहत 169 आवेदन प्राप्त हुए हैं. जिसमें आय जाति निवास के संबंधित प्रतिवेदन के तहत 77 आवेदन मिला है, वहीं सीमांकन के 10, बंटवारा 31, नामांतरण के 32 आवेदन मिले हैं. जिसके लिए एसडीएम ने अतिशीघ्र मामलों के निपटान के लिए कहा है. मिली जानकारी के अनुसार शिविर में कुल 97 आवेदनों का निराकरण हुआ है.

इस मामले में एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम को सामने बताया कि राजस्व संबंधी विभिन्न मामलों जैसे फौती, नामांतरण, बंटवारा आदि दस्तावेजों में नाम सुधार, त्रुटि सुधार मामलों का निपटान शिविर में ही किया जा रहा है. वहीं ऐसे कई मामले हैं जिनका निपटारा शिविर में नहीं हो पा रहा है तो उसकी सुनवाई कार्यालय में अतिशीघ्र निदान किया जायेगा. ऐसे में डोंगरगांव अनुभाग में एक बड़ा क्षेत्र शामिल है, जहाँ इस महत्वपूर्ण शिविर को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार नहीं होने और लोगों को जानकारी नहीं होने के चलते इसका फायदा जरूरतमंद और पीड़ित पक्ष को नहीं मिल पाया है. राजस्व मामलों में ग्रामीण भटकते रहते हैं और ऐसे शिविरों में उनका काम आसानी से हो सकता है लेकिन जानकारी के अभाव में बहुत से लोग इस शिविर का लाभ नहीं उठा पाए. बता दें कि आगामी शिविर जिला स्तर पर भी किया जाना है.

## महतारी वंदन योजना की जानकारी लेने आंगनबाड़ी पहुंचे नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनघोषित महत्वाकांक्षी मोदी गारंटी महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा फार्म पांच फरवरी से आंगनबाड़ी केंद्रों में भरा जा रहा है आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए अमित छाबड़ा नेता प्रतिपक्ष द्वारा शहर के वार्ड क्रमांक 13, वार्ड 07, वार्ड नं 08 में पहुँच कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से जानकारी प्राप्त की जनता की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए फॉर्म भरने में आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर उन्हें एवम सक्षम अधिकारी को जानकारी देने को कहा। नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा आंगनबाड़ी में उपस्थित होकर स्वयं लोगो की फॉर्म भरने मदद किया एवम योजना की विस्तृत जानकारी लोगो को उपलब्ध कराई जिससे लोगो तक फॉर्म भरने में कोई परेशनी न हो अमित छाबड़ा के साथ राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 75 एवम विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74 के विस्तारक परदेशी पटेल,नगर पालिका के सीएमओ कुलदीप झा, राकेश भवते आंगनबाड़ी बाड़ी कार्यकर्ता वार्ड नं 13 से जरीना व्यास, वार्ड नं 7 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ममता राजपूत वार्ड नं 08 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संगीता निषाद उपस्थित रही।

## फाइलेरिया की दवा मितानिन बहनों के द्वारा खिलाई गई

डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ के प्राचार्य प्रकाश यादव के दिशा निर्देश में 10वीं 12वीं की अर्धवार्षिक जांच परीक्षा के दौरान भैया बहनों को कृमि नाशक एवं फाइलेरिया की दवा मितानिन बहनों के द्वारा खिलाई जा रही है।

## युवाओं, महिलाओं, किसानों का भविष्य संवारने वाला बजट - विक्रांत सिंह



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्तुत हुए बजट को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ की महिलाओं, युवाओं, किसानों के भविष्य को संवारने वाला बजट होगा। यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास का एक संकल्प लेकर निश्चित लक्ष्य बता रहा है, जिसमें राज्य की जीएसडीपी को 5 साल में दोगुना किया जाना है। विक्रांत सिंह ने कहा यह बजट मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला बजट है, इस बजट में महतारी वंदन, किसानों को भुगतान, प्रधानमंत्री आवास, जल जीवन मिशन, राम लला दर्शन, मुफ्त इलाज, भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए प्रावधान सहित मोदी की कई गारंटीयों को पूरा करने का प्रावधान किया गया है। विक्रांत सिंह ने कहा यह बजट हर चुनौती को चुनौती दे रहा है। राज्य की आय बिना किसी पर कर का बोझ डाले 22 प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य प्रशंसनीय है, प्रदेश के हर क्षेत्र हर विभाग हर वर्ग के लिए बजट में प्रावधान किए गए हैं। जिससे छत्तीसगढ़ के लोगो के जीवन में खुशहाली आएगी। यह बजट सही मायने में छत्तीसगढ़ के विकसित राज्य बनने के सपने को साकार करने के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

## पहला कॉलम...

### ब्रम्हचारी आश्रम दर्री में 14 से अनेक आयोजन-तैयारियां पूर्ण



डोंगरगांव (दावा)। शिवनाथ नदी तट पर स्थित ब्रम्हचारी आश्रम दर्री(खुज्जी) में 14 से 24 फरवरी तक संगीतमय दिव्य श्रीरामकथा के साथ पांच कुण्डीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं श्रीराम नाम अखण्ड कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है. संत त्रिलोचन दास ब्रम्हचारी के संयोजन में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में प्रधान यज्ञाचार्य बसंत तिवारीजी महाराज पटेली(दल्ली) के साथ अन्य वैदिक पंडितों व्दारा यज्ञ कार्यक्रम संपन्न किया जायेगा. वहीं तिरखेड़ी आश्रम महाराष्ट्र के संत श्रीराम ज्ञानिकदास महात्यागी के श्रीमुख से दिव्य श्रीराम कथा 16 फरवरी से 24 फरवरी तक दोपहर 1 बजे से संध्या 5 बजे तक आयोजित होगा. वहीं 14 फरवरी बुधवार को यज्ञ कायक्रम के शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा, प्रायश्चित कर्म, पंचांग पूजन, दसविधि स्नान व मंडप प्रवेश, 15 फरवरी गुरूवार को आरणि मंथन, यज्ञ आहूति प्रारंभ होगा. इसके साथ ही 24 फरवरी शनिवार को माघी पूर्णिमा, यज्ञ की पूर्ण आहूति, गौ पूजन और भव्य शोभायात्रा के साथ विसर्जन और महाप्रसादी भंडारा होगा. इस आयोजन में प्रतिदिवस प्रात~ 7 बजे से वेदमंत्रों का पाठ, प्रात~ 8 बजे से यज्ञ नारायण पूजा, प्रात~ 9 से 12 बजे तक यज्ञ आहूति, दोपहर 12 बजे से 2 बजे से महाप्रसाद भंडारा, शाम 7 बजे शिव अभिषेक(रूद्रीपाठ) होगा.

### आज मोखला में एक दिवसीय महोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। के ग्राम मोखला में विगत वर्षानुसार इस वर्ष भी आशीर्वाद नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान में एक दिवसीय मोखला महोत्सव का आयोजन 11 फरवरी 2024 दिन रविवार की किया गया है, जिसमें समस्त समस्त श्रद्धालुओं की सादर आमंत्रित किया है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि के द्वारा दीप प्रजवल्लित करके शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम रूपरेखाः प्रथम मंचस्थ- रामलखन मानस परिवार ग्राम मोखला, द्वितीय मंचस्थ- माँ शारदा रानी मानस परिवार सोरिद, महासमुंद, तृतीय मंचस्थ- विद्यादायिनी जस झांकी परिवार धनडोंगरी, चतुर्थ मंचस्थ- छत्तीसगढ़ महतारी पंडवानी पार्टी महराटोला, पंचम मंचस्थ- मयारू भाई छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी भांठागांव बी, सिकोसा, छष्ठम मंचस्थ- जय राधाकृष्ण राउत नाचा पार्टी खजरी, घुमका, सम्पूर्ण कार्यक्रम की जानकारी कार्यक्रम के मार्गदर्शक विद्यासागर साहू ने दी और समस्त श्रद्धालुओं को उपस्थित होने का अपील किया।

### छत्तीसगढ़ के सुनहरे भविष्य का बजट - परविंदर सिंह मोंटी



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ की नवनियुक्त भाजपा सरकार का पहला बजट युवाओं महिलाओं और किसानों को समृद्ध एवम आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट है। जिसके लिए मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री सहित मंत्रिमंडल के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। श्री सिंह का मानना है कि महतारी वंदन योजना के लिए बजट में 3000 करोड़ की व्यवस्था, किसानों को 3100 रुपए में धान खरीदी, 5 एचपी पंप विद्युत कनेक्शन के लिये मुफ्त बिजली बिल एवं शक्तिपीठ योजना से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा एवं नव रोजगार सृजन के अवसर भी प्राप्त होंगे।

### बजट रामराज की स्थापना करने वाला - देवेन्द्र यादव देबू



डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट का एल.बी. नगर भाजयुमो कोषाध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने अभिनंदन कर हर्ष व्यक्त किया। श्री यादव ने कहा कि ये बजट सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी है, जिसमें प्रदेश के सभी जिलों व क्षेत्रों के विकास को समाहित किया गया है। वित्त मंत्री द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट का केंद्र बिंदु जी वाय ए एन है, जिसमें गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को केंद्रित करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण, उद्योग प्रोत्साहन, अतिरिक्त पूंजी निवेश, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं प्रदेश के सर्वांगीण विकास पर पूरा ध्यान रखा गया है। प्रस्तुत बजट में प्रदेश के आर्थिक विकास की आधारशिला रखी गई है। कोषाध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने रामराज की स्थापना करने वाला जन-जन का बजट प्रस्तुत करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, मंत्रिमंडल के सदस्यगण, विधानसभा के सदस्यगण, अधिकारी व कर्मचारियों का आभार व्यक्त कर प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

## अधिकारी-कर्मचारी फायलेरिया की दवा खाकर अभियान का किया शुभारंभ



डोंगरगांव(दावा)। फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति समुदाय को जागरूक करने के लिए और लोगों को इस बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए पूरे देश में 11 नवम्बर को राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस मनाया गया. बता दें कि राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव और डोंगरगढ़ ब्लॉक में मच्छर के काटने से हाथी पांव (फाइलेरिया) के मरीजों के मिलने के बाद इन दोनों ब्लॉक में विशेष तौर पर अभियान चलाकर यहाँ के सभी रहवासियों को दवाई का मुक्त वितरण किया जा रहा है. डोंगरगाँव में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में टिकेश साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत, ए.के.पुसाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पी.एल. नाग तहसीलदार व डां.रागिनी चंद्रे खंड चिकित्सा अधिकारी के द्वारा किया गया.

डां.रागिनी चंद्रे खंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि फाइलेरिया या हाथी पांव स्वास्थ्य की गंभीर समस्या है. विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के अनुसार फाइलेरिया दुनिया भर में दीर्घकालिक विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है. यह संक्रमण लिम्फैटिक सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है और अगर इससे बचाव न किया जाए तो इससे शारीरिक अंगों में असामान्य सूजन होती है. फाइलेरिया के कारण चिरकालिक रोग जैसे हाइड्रोसील (अंडकोष की थैली में सूजन), लिम्फेडेमा (अंगों की सूजन) व काइलुरिया (दूधिया सफेद पेशाब) से ग्रसित लोगों को अक्सर सामाजिक बहिष्कार का बोझ सहना पड़ता है, जिससे उनकी आजीविका व काम करने की क्षमता भी प्रभावित होती है. फाइलेरिया उन्मूलन के प्रति राज्य पूरी तरह प्रतिबद्ध है और फाइलेरिया या हाथीपांव रोग से बचाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जा रहे हैं. उक्त कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर डां. अमन साहू, राकेश कुर्रे बीपीएम, राकेश निर्मलकर, भोज कुमार साहू, सावित्री मंडावी, रोमन सिन्हा, विशाल खत्री, किशोर साहू सहित अस्पताल अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे.

## एनबीआईएस बोरी में इंटर हाउस क्वीज प्रतियोगिता



राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी में इंटर हाऊस क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर किया गया। यह प्रतिस्पर्धा शाला के चार हाऊसों के मध्य रखा गया। इस प्रतियोगिता को तीन भागों में पूरा किया गया। पहले भाग में प्री प्राइमरी के केजी टू तथा दूसरे भाग में कक्षा पहली से कक्षा चौथी एवं तीसरे भाग में कक्षा पांचवी से कक्षा आठवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। शाला के चार हाऊस क्रमशः भगत, सुखदेव, आजाद तथा राजगुरु के बच्चों का उत्साह देखते बना। क्वीज प्रतियोगिता के लिए भिन्न भिन्न प्रकार के प्रश्नों की क्रमावली को विविध प्रकार से प्रस्तुत कर प्रतियोगिता के रोमांच को बनाये रखा गया। इस प्रतियोगिता में विषय आधारित प्रश्न के साथ साथ सामान्य ज्ञान तथा विजुअल आधारित प्रश्नों को प्रतियोगिता में पूछा गया। इस प्रतियोगिता में केजी टू के हर्षिता देवांगन प्रथम, काव्यांश सोनकलिहारी द्वितीय तथा महिमा कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किए। कक्षा पांचवी से आठवीं के समूह में राजगुरु हाऊस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसमें रचित अग्रवाल, अलंकृता पटेल, नमन गट्टानी तथा स्तुति सार्वा ने भाग लिया। वही द्वितीय स्थान पर भगत हाऊस रहे, जिसमें हैप्पी सिंग, लक्ष्य साहू, लक्ष्य मिठिया तथा भव्य पटेल ने भाग लिया। कक्षा पहली से चौथी के समूह में प्रथम स्थान सुखदेव हाऊस ने प्राप्त किए। जिसमें रिद्धि खत्री, मनस्वी ललवानी, रिशित साहू व प्रखर श्रीवास ने भाग लिया। वही द्वितीय स्थान पर भगत हाऊस रहे, जिसमें रितीका पंजवानी, शिवांश खंडेलवाल, अचिन्त्य श्रीवास्तव व प्रीशा जैन ने अपनी सहभागिता दी। प्रतिस्पर्धा में निर्णायकों की भूमिका सराहनीय रही। प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त हाऊस के सभी बच्चों को स्मृति चिह्न तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। क्वीज प्रतियोगिता के इस आयोजन में शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, अकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती उर्मिला दीक्षित, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, कोऑर्डिनेटर अभिजीत मुखर्जी तथा एडमिन नितिन चौहान की उपस्थिति ने बच्चों के उत्साह को और अधिक बढ़ाया। प्रतिस्पर्धा में पुरस्कार प्राप्त हाऊस प्रभारी को भी स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया।

## श्रीमद् भागवत साक्षात कल्पतरू है -पंडित मनोज शर्मा



डोंगरगढ़ (दावा)। वनांचल ग्राम तोतलभर्री में 5 फरवरी से 13 फरवरी तक श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन व्यास पंडित मनोज शर्मा अध्यात्मवेत्ता भंडारपुर खैरागढ़ द्वारा किया जा रहा है। पंडित श्री शर्मा ने कथा वाचन में कहा है कि मनुष्य मात्र को परम सुख व परम शांति अध्यात्म से ही मिल सकता है और अध्यात्म का संपूर्ण सार श्रीमद् भागवत कथा ही है, मानव को परमात्मा से जुड़ने का एकमात्र माध्यम भगवान श्रीकृष्ण की कथा ही है।

तक्षक सर्प के डसने पर मृत्यु होगी, सुनकर राजा परीक्षित चिन्ता छोड़ भगवत चिन्तन का आश्रय लिया। सद्गुरु भगवान श्री शुकदेव जी द्वारा भगवत्कृपा स्वरूप भागवत कथा श्रवण कर भगवतगति को प्राप्त किया भगवत कथा का मूल उद्देश्य, पिबत भागवतं समालयं है। अर्थात जब तक शरीर में चेतना है, भगवत रस का पान करते रहो।

भागवत कथा मे विभिन्न कथा प्रसंगों के माध्यम से ज्ञान, भक्ति, वैराग्य मनुष्य को प्राप्त होता है।क्योंकि मनुष्य के पास जीवन तो है परंतु जीवन जीने की कला नही है।भागवत कथा मनुष्य को जीवन को जीना सिखाती है, अर्थात नई दिशा देती है ।भागवत कथा अंतर्गत प्रह्लाद कथा प्रसंग मे हरि सर्व भुतेषु के अनुसार भक्त प्रह्लाद को खंभे मे भगवत दर्शन मिला परंतु हिरण्यकष्यप को दर्शन नही हुआ तात्पर्य यह है कि प्रह्लाद जैसे भक्ति की दृष्टि रहेगी तो हर वस्तु मे भगवत दर्शन होगा। अभिमानी मनुष्य स्वयं को ईश्वर समझता है तो भला उसको ईश्वर कहाँ दिखेगा।समुद्र मंथन कथा का वर्णन किया उन्होंने कहा कि भक्ति रूपी अमृत पाने के प्रयास में कभी कभी मन रूपी मंदराचल धसने लगता है तब आत्मज्ञान के प्रतिक जो जगदाधार हैं वही भगवान कच्छप रूप में आधार देते हैं समुंद्र मंथन में अमृत के पहले विश निकला है जिसे भगवान शिव ने पान किया,संताप रूपी जहर पीने वाला ही शिव होता है। वामन अवतार के बारे में पंडित शर्मा ने बताया कि जीवन में जब जब देहाभिमान अहंकार जगता है, ईश्वर सबल हो जाता हैं और जब साधक के जीवन में सत्य, प्रेम, भक्ति, करुणा का भाव जगता हैं तो वहीं ईश्वर बालक बनकर कोशिल्या, देवकी, मैया यशोदा के गोद में आकर परम सुख प्रदान करते हैं। ईश्वर सत्य रूप में सर्वव्याप्त है, परंतु वही ईश्वर सगुण साकार में सत्य, प्रेम, करुणा के द्वारा प्रकट हो जाते हैं। भगवान की कथा ही जीव मात्र की व्यथा को दूर करती है, भगवान श्रीकृष्ण ही सच्चिदानंद है, जन्मोत्सव ही परमानंद है। श्रोताओं की अपार भीड़ संगीतमय कथा रसपान करने पहुंच रहे हैं। भागवत कथा 13 फरवरी को भगवद्गीता, तुलसी वर्षा, हवन पूर्णाहुति, भंडारा प्रसादी के साथ विराम होगा। इस कार्यक्रम में समस्त मातृ शक्तियों के साथ, युवा वर्ग से, प्रकाश वर्मा, सोनू, षडानन, वर्मा के साथ समस्त ग्राम ग्रामवासियों का सहयोग, प्रसंशनीय है। आयोजक प्रकाश चंद्र मोहल्या, राजेश मोहल्या एवं समस्त मोहल्या परिवार तोतलभर्री द्वारा भक्तजनों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

### पंचायत धुसेरा में जनपद सदस्य रवि अग्रवाल का जन्मदिन मनाया


डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के ग्राम पंचायत धुसेरा में क्षेत्र के लोकप्रिय जनपद सदस्य रवि अग्रवाल का जन्मदिन समस्त ग्रामवासियों ने मिलकर मनाया और उन्हें बधाईयां दी एवं फूल मालाओं से स्वागत कर उनके अच्छे स्वस्थ व उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सरपंच पीतांबर सिन्हा, राम गुलाल, चंदेश्वर पटेल, सैलेंड्रा सिन्हा, अनुक साहू, कल्याण साहू, आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मोदी जी के गारंटी को पूरा करने वाला है बजट-किरण वैष्णव



छुरिया (दावा)। जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्तुत बजट को ऐतिहासिक बजट बताया है। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि यह युवा सपनों को पंख देने वाला बजट है। यह आने वाले 5 साल में छत्तीसगढ़ के विकास की दशा और दिशा को बदलने वाला बजट है।मोदी जी के सपनों को साकार करता हुआ, सभी के मापदंडों पर खरा उतरता हुआ यह बजट है, यह बजट निश्चित रूप से अमृतकाल के नींव का बजट 2024-25 में हो रही मोदी की गारंटी पूरी करने वाला बजट है। बजट में दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के लिए 500 करोड़. स्टेट कैपिटल रीजन की योजना के लिए 5 करोड़, ''इन्वेस्ट छत्तीसगढ़'' आयोजित करने के लिए 500 करोड़, जल जीवन मिशन योजना के लिए 4500 करोड़, कृषि उन्नति योजना के लिए 10 हजार करोड़, श्रीरामलला दर्शन योजना के लिए 35 करोड़, शक्तिपीठ परियोजना के लिए 5 करोड़, चरण पादुका के लिए 35 करोड़ का प्रावधान है। जो निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ को एक नई ऊंचाई पर ले जायेगा। यह बजट निश्चित रूप से मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला बजट है।

## लोकसभा निर्वाचन के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का हुआ अंतिम प्रकाशन



**अंतिम प्रकाशन की स्थिति में जिले में कुल 380 मतदान केन्द्र, कुल 02 लाख 93 हजार 423 मतदाता**

खैरागढ़ (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार जिले की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत वर्मा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुल 380 मतदान केन्द्र हैं। अंतिम प्रकाशन की स्थिति में जिले में कुल 02 लाख 93 हजार 423 मतदाता हैं, जिनमें पुरूष मतदाता 01 लाख 47 हजार 76, महिला मतदाता 01 लाख 63 हजार 347 एवं 01 तृतीय लिंग मतदाता शामिल है। इसमें विधानसभावार खैरागढ़ विधानसभा में अंतिम प्रकाशन की स्थिति में 01 लाख 11 हजार 47, डोंगरगढ़ विधानसभा (आंशिक) में 71 हजार 566 मतदाता हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत वर्मा ने बताया कि पुनरीक्षण अवधि के दौरान विधानसभा क्षेत्रवार नाम जोड़ने एवं विलोपन की कार्यवाही की गई है। जिसमें खैरागढ़ विधानसभा में 02 हजार 882 नये मतदाता जुड़े, वहीं 01 हजार 560 का विलोपन किया गया। डोंगरगढ़ विधानसभा में 959 नये मतदाता जोड़े गए, वहीं 549 नाम विलोपित किए गए। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव में कुल 8 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें पंडरिया विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-71, कवर्धा विधानसभा क्रमांक-72, खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-73, डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-74, राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-75, डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-76, खुज्जी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-77 एवं मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-78 शामिल हैं। उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव के लिए रिटर्निंग ऑफिसर कलेक्टर राजनांदगांव होंगे। वहीं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत वर्मा ने जिले के सभी मतदाताओं अपील की है कि लोकतंत्र के सबसे बड़े अधिकार का उपयोग करते हुए बिना किसी लोभ के निष्पक्ष स्वतंत्र और निर्भीक होकर स्वविवेक से मतदान अवश्य करें।

## बिलहरी विद्यालय में उच्च संस्कार सिंचन एवं मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन





राजनांदगांव (दावा)। प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलहरी में संयुक्त रूप से उच्च संस्कार सिंचन एवं मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य था बच्चों में जीवन मूल्य एवं उच्च संस्कारों को स्थापित करने हेतु उन्हें जागरूक करना। साथ ही माता पिता का बच्चों के जीवन में महत्व तथा उनके प्रति सम्मान की भावना का विकास करना। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजनांदगांव से राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन जी उपस्थित थी। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च संस्कार सिंचन के लिए हमे अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को धारण करना पड़ेगा। सर्वप्रथम हमे अपने जीवन में सबके प्रति प्रेम की भावना का विकास करना चाहिए। जैसे स्वयं से प्रेम, परिवार से, अपने विद्यालय से, प्रकृति से, राष्ट्र से, परमात्मा से प्रेम इत्यादि। बुरे संगत एवं बुरी आदतों से बचकर रहने तथा मूल्यवान चीजों की बचत करने जैसे बिजली, पानी इत्यादि के लिए प्रेरणादाई प्रसंगों से समझाया। ब्रह्माकुमारी पूनम बहन जी ने राजयोग की अनुभूति कराई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित माननीय मधुसूदन यादव जी ने इस प्रकार के कार्यक्रम को आज की आवश्यकता बताते हुए कहा कि बच्चों को आज नैतिक मूल्यों की बहुत जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह केवल उत्सव नहीं बल्कि संकल्प है।साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित, श्रीमती उषा सिन्हा जनपद पंचायत सदस्य डोंगरगढ़ ने भी अपनी शुभकामनाएं दी। भ्राता संजय साहू योग वेदांत समिति राजनांदगांव ने मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम सम्पन्न कराया। मंच संचालन व्याख्याता ठाकुर राम चंद्रवंशी जी ने तथा आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक द्वारिका प्रसाद साहू जी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण, विद्यार्थी तथा पालक उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष सहयोग यशवंत सिन्हा, प्रेमलाल देवांगन प्राचार्य, ध्रुव कुमार साहू प्रधान पाठक, राजकुमार मंडले शाला प्रबंध समिति, कारण साहू तथा शाला परिवार के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का रहा।

# छत्तीसगढ़ के विकास, खुशहाल व मोदी की गारंटी वाला बजट

## जिले को बजट में ठेंगा, उम्मीदों के विपरीत घोर निराशाजनक वाला बजट

*राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के साय सरकार के वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी ने अपने डिजीटली बजट में जहां एक ओर मोदी जी की गारंटी और सीएम साय की सुशासन की झलक दिखलाया है और युवा गरीब किसानों महिलाओं में आय बढ़ाने व उनका जीवन स्तर उठाने के लिए जो धन राशि के प्रावधान किए है तथा इन्हें सभी वर्गों की साधने की कोशिश की है इससे इन वर्गों का बल्ले-बल्ले होता दिख रहा है। खासकर किसानों को पांच हार्स पावर तक सिंचाई के लिए बिजली मुफ्त व गरीबों को 400 यूनिट तक बिजली फ्री जैसे लोक लुभावनी व्यवस्था इन वर्गों को आकर्षित करने वाला है। औद्योगिक जगत, व्यवसायियों व मध्यम वर्गीय लोगों के लिए बगैर किसी करारोपण व वृद्धि किए बनाए गए इस बजट में राजनांदगांव क्षेत्र को भी काफी कुछ दिया गया है। इससे सत्ताधारी दल के लोग जहां रामनाम की लूट है... लूट सके तो लूट कह रहे है। वही विपक्षी दलों के लोग इस पेपर लेस बजट को होपलेस व प्रदेश की प्रगति उन्नति की झलक नहीं दिखने वाला बजट बता रहे है। आईए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के वित्तमंत्री ओपी चौधरी के द्वारा पहली बजट के बारे में लोगों की क्या प्रतिक्रिया है इसे जाने।*

### दो दशक की सबसे लंबी छलांग - प्रखर श्रीवास्तव



भाजयुमो दक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को दो दशक की सबसे लंबी छलांग करार दिया है। उन्होंने कहा कि - मोदी की गारंटी के तहत की गई घोषणाओं को प्राथमिकता देते हुए इस बजट में सरकार ने अधिकतर वायदों को पूरा किया है। राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में ट्रामा सेंटर और सायबर थाना की स्थापना एक बड़ी उपलब्धि है। युवाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें नए अवसर देने के लिए भी बजट में बड़े फैसले लिए गए हैं।

प्रखर ने कहा कि बजट का आकार 22 प्रतिशत बढ़ा है। अमृतकाल -छत्तीसगढ़ विजन- 2047 को सामने रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने विकासशील प्रदेश को 2047 तक विकसित राज्य बनाने की दीर्घकालिक योजना को सामने रखा है। 2028 तक जीएसडीपी को दोगुना करने में युवाओं की हिस्सेदारी तय करने छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना की नींव रखी गई है। इससे प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार, स्टार्टअप और नवाचार के लिए मदद मिलेगी। छग युवा प्रोत्साहन योजना के तहत कला, साहित्य, खेल और समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय युवाओं को प्रोत्साहित किए जाने का फैसला भी सराहनीय है।

### साय सरकार का पहला बजट झूठ का पुलिंदा - भागवत साहू



जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने झूठी चुनावी घोषणा करके छत्तीसगढ़ की सत्ता हाथयाने आने वाली भाजपा को सालाना बजट के बहाने एक बार फिर झूठ की पुड़िया छोड़ने का मौका मिल गया है। जनता पहले ही धोखा खा चुकी है अब और धोखा नहीं खाना चाहती है। सामने लोकसभा चुनाव है और लोकसभा चुनाव को जितने का लक्ष्य बनाते हुए भाजपा ने अपने बजट में तरह-तरह का प्रावधान रखा है जिनमें अधिकतर प्रावधान आम आदमी की समझ से बाहर है। राजनांदगांव जिले को कोई बहुत बड़ी सौगात इस बजट में नहीं दिए। ट्रामा सेंटर खोलने के अलावा एमआई की और सर्व सुविधा युक्त कैंसर यूनिट की जरूर को ध्यान में नहीं रखा गया है जबकि कांग्रेस इसके लिए प्रयासरत थी जिन राजनांदगांव से अलग हुए एमसी और केसीजी जिला में कलेक्ट्रेड भवन बनाने के लिए घोषणा की गई है वह बहुत बड़ी घोषणा नहीं है। असल काम तो कांग्रेस की कांग्रेस की सरकार ने कर दिखाया है जो इन्हें जिला बनाने की जरूरत थी वह पूरी हो गई है। श्री साहू ने आगे कहा कि महतारी वंदन योजना में महिलाओं से धोखा किया गया है। अधिकतर महिलाएं क्राइटेरिया से बाहर हो रही है।

### खुशहाल छत्तीसगढ़ का बजट - कैलाश शर्मा



राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट को भाजपा नेता कैलाश शर्मा ने अमृत काल की नींव का बजट बताते हुए कहा है कि यह बजट गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी की समृद्धि के साथ पूंजीगत व्यय बढ़ाकर अधोसंरचना विकास को प्रोत्साहित करने और राज्य के युवाओं के लिए रोजगार और आजीविका को बढ़ावा देने पर केंद्रित है. भाजपा नेता कैलाश शर्मा ने कहा है कि विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो गारंटी दी थी, उन योजनाओं के लिए बजट में फंड का आवंटन किया गया है। महतारी वंदन योजना के लिए 3000 करोड़ दिया गया है। इस योजना के तहत महिलाओं को हर साल 12,000 हजार रुपए मिलेंगे। जनता से की गई हर एक गारंटी, सुशासन का हुआ है सूर्योदय खुशहाल होगा छत्तीसगढ़. ÷हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे÷. इस बार कोई कर प्रस्ताव नहीं है और मौजूदा कर दरों में कोई वृद्धि नहीं की गयी है. यह एक संतुलित बजट है।

### मोदी की गारंटी वाला बजट -मनोज निर्वाणी



भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने पहली बार अपना बजट प्रस्तुत किया है उसमें बजट को देखने से ऐसा समझ आ रहा है कि यह मोदी की गारंटी वाला बजट है भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ राज्य को बनाया है और संवारने का काम भी भारतीय जनता पार्टी करेगी प्रधानमंत्री आवास से लेकर के कृषि उन्नत तेंदूपत्ता संग्राहक का ध्यान रखना के अलावा महतारी वंदन योजना में 12000 प्रतिवर्ष भूमिहीन मजदूरों को 10000 प्रतिवर्ष व्यवस्था की गई है स्वास्थ्य चिकित्सा ऊर्जा नगरी प्रशासन महिला आदिम जाति वन विभाग सभी में बजट का प्रतिशत बढ़ाया गया है बजट का पेंटन स्कूल खाद्य मत्स्य और ग्रामीण क्षेत्रों में भी किया गया है किसन को 5 एचपी मुक्त बिजली रामलाल के दर्शन कोरबा जांजगीर में उद्योग नीति आदि विभिन्न विषयों के ऊपर सबको देखते हुए बजट बनाया गया

### युवा शक्ति को नयी उड़ान देने वाला बजट - आलोक श्रोती



भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री आलोक श्रोती ने बजट को युवा शक्ति को नयी दिशा देने वाला बजट बताते हुए कहा कि गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी पर आधारित यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास को स्पष्ट सोंच और नए आयाम देने में पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राजनांदगांव मेडिकल में ट्रामा सेंटर के स्थापना हेतु प्रावधान से मरीजो को उपचार दिलाने में सरलता होगी साथ ही दोनों नवीन जिले में नए कार्यालय निर्माण हेतु राशि के प्रावधान से नागरिको की सहूलियत में विस्तार होगा । अधोसंरचना पर केन्द्रित और कृषि को आधुनिकता की ओर ले जाने वाला यह बजट छत्तीसगढ़ के विकसित राज्यों की श्रेणी में शुमार करेगा।

### बजट सभी वर्गों के लिए लाभदायक - हैंरी जोसेफ



भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हैंरी जोसेफ ने छत्तीसगढ़ के वार्षिक बजट 2024 - 25 पर अपनी प्रतिक्रिया देते विष्णुदेव साय सरकार के प्रथम बजट का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि बजट में सभी वर्गों के लिए लाभदायक है।

श्री जोसेफ ने आगे कहा कि उक्त बजट में गांव गरीब युवा और किसानो कब विशेष ध्यान रखा गया है। स्व सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को रोजगार देने के लिए 561 करोड रुपए का प्रावधान, आवास योजना के लिए दूसरे अनुपूरक में हमने 3800 करोड़ रुपए का प्रावधान किया था। अब 8369 करोड़ का प्रावधान अब कर रहे हैं। कृषि उन्नति योजना के लिए 10 हजार करोड़ का प्रावधान, नल जल योजना के लिए 4, 500 करोड़ रुपए का प्रावधान, युवाओं के लिए छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना, स्व सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को रोजगार देने के लिए 561 करोड रुपए का प्रावधान, महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को 12000 रुपये वार्षिक दिया जाएगा, 117 करोड़ रुपए का प्रावधान, स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए 1500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।और भी कई तरह की योजनाओं को शामिल किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ के लोगों को लाभ मिलेगा।

### छत्तीसगढ़ सरकार की वार्षिक बजट में मोदी की गारंटी - मो. इमरान बीबा



पूर्व राज्य हज कमिटी, विशेष आमंत्रित सदस्य और वर्तमान में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इमरान बीबा ने छत्तीसगढ़ में साय सरकार की वार्षिक बजट 2024-25 पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट मोदी सरकार की गारंटी वाला बजट है। इस बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला और बड़े-बुजुर्गों व युवाओं के लिए एक से बढ़कर एक प्रावधान है। मोदी सरकार ने वादा किया था कि छत्तीसगढ़ की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलेगी। इसकी शुरुआत हो गई है।

श्री बीबा ने आगे कहा कि उक्त बजट में सभी वर्गों के लिए राशि का प्रावधान किया गया है। प्रदेश के सर्वांगीण विकास की रूपरेखा रखी है। बजट में प्रदेश के किसानों, युवाओं, मातृ शक्ति को केंद्रित कर सभी के विकास की संभावनाओं को सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया है। प्रदेश की जनता पर कोई नया कर नहीं और कोई भार नहीं है। स्व. सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को रोजगार देने के लिए 561 करोड़ रुपए का प्रावधान, आवास योजना के लिए 8369 करोड़ का प्रावधान किया गया हैं।

### भाजपा सरकार का बजट विकास का सूर्योदय - कमलेश सारस्वत



जिला भाजपा महिला मोर्चा श्रीमती कमलेश सारस्वत ने भाजपा सरकार के बजट को विकास का सूर्योदय बताया है। उन्होंने कहा कि- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने सभी वर्गों का ख्याल तो रखा ही है। इसके साथ ही उन्होंने नए जिलों की आधारभूत संरचना, प्रशासनिक क्षमता बढ़ाने के लिए भी विशेष प्रावधान बजट में शामिल किए हैं जो कि इन क्षेत्रों को आगे बढ़ाने के लिए बड़े मायने रखते हैं।

श्रीमती सारस्वत ने कहा कि-मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी को बजट में जिला अस्पताल की सौगात मिली है। आदिवासी बहुल जिले के लिए ये भी हर्ष का विषय है कि उनकी पारंपरिक भाषा को आगे बढ़ाने सरकार ने विशेष प्रयास की नींव रखी है। इसके लिए गोंडी भाषा के ट्रांसलेशन के साथ आदिभाषा गोंडी, हल्बी जैसी भाषाओं के संरक्षण और विकास के लिए छग आदिभाषा परिषद का गठन भी महत्वपूर्ण है। मातृ वंदन योजना के तहत महिलाओं को 12 हजार सलाना, भूमिहीन कृषक परिवारों को सालाना 10 हजार, तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका का वितरण जैसे निर्णय भी प्रशंसनीय हैं। इस बजट में मोदी की गारंटी का भी बड़ा असर दिखा है। 11 घोषणाओं को बजट के माध्यम से पूरा किया गया है। पांच वर्ष मुफ्त खाद्यान्न, मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं जैसी सुविधाओं से भी प्रदेश के लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा।

### बजट आम जनता की अपेक्षा और उम्मीदों के विपरीत घोर निराशाजनक - आफताब अहमद



राजनांदगांव(दावा)। विष्णुदेव साय सरकार के प्रथम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए युवक कांग्रेस के जिला महासचिव आफताब अहमद ने कहा है कि साय सरकार का पहला बजट आम जनता की अपेक्षा और उम्मीदों के विपरीत घोर निराशाजनक है। न इसमें युवाओं के रोजगार के संदर्भ में कोई रोड मैप दिख रहा हैए न ही महंगाई से निपटने कोई ठोस रणनीति है। युवक कांग्रेस के जिला महासचिव आफताब अहमद ने कहा है कि एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा किया गया था, लेकिन बजट में नई नौकरियों के लिए कोई प्रावधान ही नहीं हैं। उल्टे बेरोजगारी भत्ता की राशि खा गए। कॉलेज जाने वाले छात्रों से वादा था यात्रा भत्ता देने का जिसके लिए कोई बजट प्रावधान नहीं है। 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा करने वाले भाजपाई गैस सब्सिडी के लिए एक रुपए का भी बजट प्रावधान नहीं कर पाए हैं। युवक कांग्रेस के जिला महासचिव आफताब अहमद ने कहा है कि बजट एक साल के लिए होता है, लेकिन झांसा 2047 तक का छत्तीसगढ़ में प्रस्तुत आज का बजट अभिभाषण पूरी तरह भाजपा के चुनावी जुमलों की तरह ही था। झूठ और लफ्फाजी के कसीदे पढ़े गए।

### राजनांदगांव जिले को बजट में फिर ठेंगा - सुजीत दत्ता



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुजीत दत्ता 'बापी' ने छत्तीसगढ़ 2024 - 25 के बजट पर अपने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विष्णु देव साय सरकार का पहला बजट राजनांदगांव जिले को निराश करने वाला है। यहां के लिए सरकारी उद्योग की दरकार थी। जो इस बजट को देखने सुनने से पूरी नहीं हुई है। अविभाजित राजनंदगांव जिले के हिसाब से देखें तो केजीजी और और एमसी जिले के लिए भी कोई पिटारा नहीं खोला गया है।

झुनझुना पकड़ने वाली बात हुई है। रामलला दर्शन योजना में भी करोड़ों रुपए का प्रधान किया गया है। उसमें भी निश्चित तौर से इसका लाभ संघ और भाजपा के लोगों और उनके परिवारों को मिलेगा। जो जनता की पैसे की बर्बादी होगी। भेदभाव नहीं किया जाता तब तो ठीक है। श्री दत्ता ने आगे कहा कि भाजपा सरकार का बजट इसलिए भरोसे की काबिल नहीं है। क्योंकि यहां की जनता ने देख लिया है कि चुनावी घोषणा पत्र में एक मुश्त 3100 रुपए देने की बात कही गई थी जो नहीं दी गई है।

### छ.ग. का बजट महज आंकड़ों की बाजीगरी- राजकुमार



बीते शुक्रवार छ.ग. शासन के द्वारा पेश किया गया बजट महज वित्त मंत्री के द्वारा आँकड़ो की बाजीगरी का खेल खेला गया है। एक विज्ञप्ति के माध्यम से समाजवादी पार्टी के जिला-अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कहा है कि, छ.ग. शासन का बजट केन्द्र की भाजपा नीत सरकार की तर्ज पर खोखले वादो का पिटारा खोल वर्तमान राज्य की परिस्थिति का ध्यान न रख विजन 2047 तक सब्जबाग दिखाया गया है।


वर्तमान के संदर्भ में प्रदेश के युवाओं के रोजगार की व्यवस्था का क्या प्रावधान है। इसका कही ज़िक नहीं है, बढ़ती महगांई से त्रस्त जनता के लिए कोई राहत का प्रावधान नहीं दिखता। युवाओं का बेरोजगारी भत्ता, किसानों की आय बढ़ाने सम्बधी कोई ठोस योजना नही, मध्यम आय वर्गिय लोगों को राहत नही, गैंस सलेण्डर 500 रूपयें में देना का वादा भूले, शराब बंदी उल्टे राजस्व बढ़ाने का जरिया बनी, 2028 तक 10 लाख करोड़ की जी.डी.पी. का सब्जबाग अगले चुनाव का अभी से विजन राजनांदगांव मेडिकल ट्रामा सेंटर के लिए 2 करोड़ 70 लाख का प्रावधान किया गया, बाकी कि मूल-भूत सुविधाओं निराकरण का क्या प्रावधान रखा गया, इसका कही ज़िक नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों को पुरी तरह से उपेक्षित रखा गया है। इन क्षेत्रों के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं करवाई गई, वही ग्रामीण स्व रोजगार तथा विकास का कोई विजन नहीं दिखता कुल मिलाकर केन्द्र सरकार की तर्ज पर झूठे-वादो का पीटरा छ.ग. राज्य के लोगों को अगले चुनाव तक का सब्दबाग दिखाया गया है। आने वाले लोकसभा चुनाव में भी बजट का सब्जबाग दिखाकर वोट बटोरने का प्रावधान है छ.ग. राज्य का पेश किया गया बजट।

### छत्तीसगढ़ के प्रथम बजट से मिली ढेर सारी खुशियां और योजनाएं-डॉ रेखा मेश्राम



भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एवं महिला मोर्चा की पूर्व उपाध्यक्ष डॉ.रेखा मेश्राम ने छत्तीसगढ़ सरकार का पहला बजट पेश होने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट संपूर्ण विकास के लिए रामबाण सिद्ध होगा छत्तीसगढ़ की लोक कला और लोक संस्कृति युवा महिलाओं गरीब किसान एवं मजदूर वर्ग के लिए योजनाओं से भरपूर यह बजट है 5 साल कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ महतारी के खजाने को पूरी तरह खाली कर दिया था और विकास कार्यों पर रोक लगाकर सभी योजनाओं को रोक दिया था अब पुनः भाजपा के शासनकाल में 15 सालों की तरह पुनः विकास की गति बढ़ेगी और सबका साथ सबका विकास होगा छत्तीसगढ़ के पहले बजट में मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री जी की डबल इंजन की सरकार के साथ-साथ महिलाओं के लिए बजट में विभिन्न प्रावधान किए गए हैं जिसमें महतारी वंदन योजना के लिए 3000 करोड रुपए का प्रावधान रखा गया है जिसमें सभी महिलाओं को प्रति मांह 1200 प्राप्त होगा साथ ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हेतु 8369 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। प्रथम बजट की सराहना जितनी भी की जाए उतना ही काम है।

### छत्तीसगढ़ का बजट सर्वस्पर्शी समेकित एवं विकासपरक-रवि सिन्हा



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के मंडल प्रभारी रवि सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के बजट में युवा ऊर्जावान वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी के युवा हौसले की झलक दिखाई पड़ती है छत्तीसगढ़ के खाली पड़े खजाने के बावजूद गरीब युवा अन्नदाता एवं नारी शक्ति को केंद्र में रखकर सर्वहारा वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए बजट में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी गई है ।

छत्तीसगढ़ को पुनः सूर्योदय की ओर ले जाने के लिए विकासशील से विकसित छत्तीसगढ़ प्रदेश बनाने के लिए विकास के सभी पहलुओं का बजट में विशेष ध्यान दिया गया है इस बजट से छत्तीसगढ़ समेकित विकास कर विकसित राज्यों की श्रेणी में आ जाएगा।

### साय सरकार ने पेश किया जनहितकारी बजटः पवन



भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार का पहला बजट शुक्रवार सदन में पेश हुआ। वित्त मंत्री ओपी चैधरी अपना बजट पेश किया। साय सरकार का यह पहला बजट 1.47 लाख करोड़ का बजट है। जोकि पूर्ववर्ती सरकार से बड़ा बजट के साथ-साथ जनहितकारी बजट रहा है। जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के उपाध्यक्ष पवन निर्मलकर ने छत्तीसगढ़ बजट 2024 पर अपनी प्रक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की साय सरकार ने कोई नया कर प्रस्ताव नहीं किया है और न ही करो की दरों में वृद्धि का कोई प्रस्ताव रखा है। इस तरह भाजपा सरकार ने जनता को राहत प्रदान किया है।

श्री निर्मलकर ने आगे कहा कि इसी प्रकार बजट में राजनांदगांव जिले को तीन नई सौगातें दी हैं। जिनमें राजनांदगांव मेडिकल कालेज में टामा सेंटन की स्थापना हेतु 2 करोड़ 70 लाख रूपए का प्रावधान रखा है। इसी प्रकार राजनांदगांव जिला सीमावर्ती होने के कारण मानव तस्करी के प्रकरणों में पीड़ित बालिकाओं व महिलाओं की सुरक्षा के लिए नवीन महिला थाना की स्थापना की जाएगी। इसी प्रकार सायबर क्राईम के प्रकरणों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए राजनांदगांव जिले में नवीन सायबर पुलिस थाना की स्थापना के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। शासकीय सेवकों सहित आम जनता के लिए छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार का यह बजट राहत एवं सौगातों से भरा बजट रहा है।

---

**5 साल का हिसाब, 25 साल का विजन....**

60 से अधिक गैरजरूरी कानूनों को हटाने जैसे पांच साल के कार्यकाल में हुए कार्यों को गिनाया. दांडी मार्च के जरिए समझाया आने वाले 25 वर्षों का महत्व- प्रधानमंत्री मोदी ने फ्यूचर विजन को भी अपने अभिभाषण में शामिल किया. देश की जनता खासकर युवाओं को आगामी 25 वर्षों का महत्व समझाने के लिए महात्मा गांधी के दांड़ी मार्च का जिक्र किया. प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले 25 साल महत्वपूर्ण हैं. हर कोई अब सपना देखता है कि 25 वर्षों में भारत विकसित देश बने. देश की आकांक्षा, संकल्प बना चुका है. 25 साल वो हैं, जब देश इच्छित परिणाम हासिल करेगा. उन्होंने कहा कि 1930 में दांडी यात्रा शुरू थी. घोषणा होने के पहले लोगों को सामर्थ्य नजर नहीं आया था. उस समय जो घटनाएं छोटी लगती थीं, लेकिन 1947 तक वो 25 साल का कालखंड था, जिसने देश के अंदर जज्बा पैदा कर दिया था कि अब तो आजाद होना है. मैं आज देश रहा हूं कि देश में वो जज्बा पैदा हुआ है. हर गली-मोहल्ले में हर बच्चे के मुंह से निकला है कि 25 साल में हम विकसित भारत बनाकर रहेंगे. इसलिए ये 25 साल देश की पीढ़ी के लिए महत्वपूर्ण कालखंड है.

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा...**

जो करीब 11 बजे अंबिकापुर पहुंचेगी। दोपहर दो बजे अंबिकापुर में कला केंद्र मैदान पर आमसभा होगी। आमसभा के बाद यात्रा चार बजे अंबिकापुर से रवाना होगी, जो सरगुजा जिले से निकलकर बलरामपुर जिले के झींगों गांव में पहुंचकर रात्रि विश्राम करेगी। 14 फरवरी को यात्रा बलरामपुर, रामानुजगंज होते हुए झारखंड राज्य में चली जाएगी।

**संसद कार्यवाही ....**

ओम बिरला के नेतृत्व की सराहना की। अध्यक्ष ओम बिरला ने इससे पहले सुबह की कार्यवाही अयोध्या में निर्माण के संबंध में एक प्रस्ताव रखा। राज्य सभा में उप सभापति ने उसी तरह का एक प्रस्ताव रखा। श्री बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदनों कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिये स्थगित करने की घोषणा की।

**साय ने पुलिस अफसरों की ली.......**

के लिए बड़ी राशि आवंटित की गई है। यह बजट कानून का राज स्थापित करने में निर्णायक साबित होगा। उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के पहले बजट में गृह विभाग को काफी कुछ मिला है, पिछले वर्ष के बजट की तुलना में गृह विभाग के बजट में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस बजट में नक्सल आपरेशन में जाने वाले जवानों के लिये राशन का बैग और स्पाइक रेसिस्टेंट शूज का प्रावधान किया गया है, जिससे अब नक्सल ऑपरेशन में जाने वाले जवानों को सुविधा होगी। पुलिस विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारियों की सुविधाओं में वृद्धि के लिए भी इस बजट में प्रावधान किये गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री के हृदय में बड़े अधिकारी से लेकर आरक्षक तक के अधिकारी के लिए समान रूप से संवेदना है। हम सबका कर्तव्य है कि अपराध हुआ तो अपराधी को जल्द से जल्द पकड़ लें।

## शेष प्रथम पृष्ठ का

गृहमंत्री शर्मा ने कहा कि समाज में वातावरण बने कि अपराध ही न हो और इसी लक्ष्य के साथ अधिकारियों को अपने दायित्वों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस का कप्तान यह ठान ले कि जिले में अपराध न हो, नशे का व्यापार न हो तो वह बिल्कुल नहीं होगा। छत्तीसगढ़ शांति का टापू था, इसे हम फिर से शांति के टापू के रूप में स्थापित करेंगे, उन्होंने यह संकल्प दोहराया। सम्मेलन में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने स्वागत उद्बोधन दिया और पुलिस विभाग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। इस मौके पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हिमांशु गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, एसआर पी कल्लुरी, विवेकानंद सिन्हा, अमित कुमार गुप्ता, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, राहुल भगत, डॉ. बसवराजू एस. सहित छत्तीसगढ़ के सभी रेंज के पुलिस महानिरीक्षक और जिलों पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे।

**अयोध्या जाने वाले....**

प्रत्येक जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में श्री रामलला दर्शन समिति बनेगी और योग्य यात्रियों का चयन किया जाएगा। यात्रा के दौरान यात्रियों को सुरक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, स्थलों के दर्शन का लाभ मिलेगा। दुर्ग-रायपुर, रायगढ़ एवं अंबिकापुर से अयोध्या तक ट्रेन जाएगी। 75 प्रतिशत ग्रामीण, 25 प्रतिशत शहरी यात्री- रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत शहरी इलाकों के 25 प्रतिशत और ग्रामीण इलाकों से 75 प्रतिशत दर्शनार्थियों का चयन किया जाएगा। एक यात्री एक ही बार दर्शन योजना का लाभ निःशुल्क ले पाएगा। वर्तमान में कोई भी शासकीय सेवक योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। राम वनगमन पथ का सोशल आडिट कराएगी सरकार- विधानसभा बजट सत्र के पांचवें दिन सदन में श्रीराम वन गमन पर्यटन परिपथ का मामला गूंजा। बहस के बाद संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने श्रीराम वन गमन परिपथ का सोशल आडिट कराने की घोषणा की। प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायकों ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के प्रोजेक्ट पर सवाल उठाए। सदन में चर्चा के दौरान भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि श्रीराम वन गमन पथ में योजना के तहत बनाई गईं मूर्तियां राम जैसी नहीं दिखती। जिन स्थानों पर मूर्तियां लगी हैं,वहां कीमत भी अलग-अलग बताई जा रही है। योजना में निर्माण एजेंसियों ने लापरवाही से काम किया है। चंपारण को भी पर्यटन परिपथ में शामिल किया गया है, जो कि हेमु यदु की किताब व रामअवतार शर्मा की किताब में भी नहीं है। पिछली सरकार ने बिना शोध किए संस्कृति के साथ छेड़छाड़ की है। श्रीराम वनगमन पथ पर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर, धरमलाल कौशिक और विधायक राजेश मूणत ने अलग-अलग सवाल किए।

**'राम मंदिर एक भारत-श्रेष्ठ**

मंदिर आस्था और विश्वास की भावनाओं से भरा- बिरला- सदन में प्रस्ताव को लेकर बोलते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि अयोध्या में बन रहा मंदिर पत्थरों से बनी कोई संरचना नहीं बल्कि यह आस्था और विश्वास की भावनाओं से भरा है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले पीएम मोदी के बयान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने कई धार्मिक स्थलों का दौरा किया और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका और समाज ने इसमें अहम भूमिका निभाई है।

**24 घंटे तेजस्वी यादव की...**

दिए गए भोज से पांच विधायकों के गायब रहने की खबर है। हालांकि जदयू की तरफ से कहा गया कि पूर्व से तय अपने कार्यक्रमों के कारण वे लोग भोज में नहीं आ पाए। इन सबके बीच, जदयू ने जदयू विधायकों को विधानसभा के बजट सत्र के लिए व्हिप भी जारी कर दिया गया है।

**राममंदिर के विरोधी....**

ले कर गांव गांव गये, पत्थर की पूजा के बाद वे रामशिला के रूप में लेकर आये। उन्होंने कहा, आडवाणी जी ने सोमनाथ से अयोध्या तक यात्रा की, डॉ. मुरलीमनोहर जोशी ने जनजागृति की। कोई एक देश के बहुसंख्यक समाज ने राममंदिर के निर्माण के उद्देश्य की पूर्ति के लिए दशकों तक धैर्यपूर्वक उच्चतम न्यायालय के निर्णय की प्रतीक्षा की। जब राम मंदिर निर्माण के लिए अदालत का निर्णय आया तब कई लोग अनुमान लगा रहे थे कि इस देश में रक्तपात हो जाएगा, दंगे हो जाएंगे। मगर मैं आज इस सदन में कहना चाहता हूं कि ये भाजपा की सरकार है, श्री नरेन्द्र मोदी जी इस देश के प्रधानमंत्री हैं। अदालत के निर्णय को भी जय-पराजय की जगह, सबके मान्य न्यायालय के आदेश में परिवर्तित करने का काम श्री मोदी जी के दूरदर्शी विचार ने किया।

# द्वितीय चरण के विकसित भारत संकल्प यात्रा के नगरीय निकाय शिविर में उमड़ रही भीड़



0 बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल मैदान बसंतपुर में आयोजित शिविर में वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, कलेक्टर संजय अग्रवाल तथा जनप्रतिनिधियों ने लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

0 शक्ति वंदन कार्यक्रम अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली 6 महिला स्व सहायता समूहों का हुआ सम्मान

**राजनांदगांव (दावा)। विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वितीय चरण के तहत बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल मैदान में आज दोपहर शिविर आयोजित किया गया, जिसमें संकल्प यात्रा की मोबाईल वेन एवं विभिन्न शासकीय स्टालो के माध्यम से केन्द्र सरकार के योजनाओं की नागरिकों को जानकारी दी गयी।**

शिविर में वार्डो के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित होकर केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेकर उसका लाभ लेने आवेदन लिया। शिविर में छ.ग. बीस सुत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष श्री खूबचंद जी पारख, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल सहित समाजसेवी श्री राजेन्द्र गोलछा, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, सांसद प्रतिनिधि श्री देवशरण सेन तथा पार्षद श्री शिव वर्मा, पूर्व पार्षद सुश्री आभा तिवारी, श्री बलवंत साव व श्री शेखर यादव, पार्षद प्रतिनिधि श्री जीवन चतुर्वेदी के अलावा श्री प्रखर श्रीवास्तव, श्री गोलू गुप्ता व गोलू सूर्यवंशी उपस्थित थे। अतिथियों का आयुक्त अभिषेक गुप्ता, कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे, प्र. जनसम्पर्क अधिकारी देवेन्द्र सोनी ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।

शिविर को संबोधित करते हुये श्री खुबचंद पारख ने कहा कि भारत के सभी ग्रामीण पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्र के वार्डो में केन्द्र सरकार की योजनाओं की जन जन को जानकारी देने विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गयी है, जो आज बसंतपुर स्कूल में पहुची है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं लोगों तक पहुच रही है कि नहीं, पहुची तो उसका लाभ मिला की नहीं, किसी हद तक लाभ मिला तथा सरकार की योजनाएं धरातर पर दिख रही है कि नहीं इसके लिये संकल्प यात्रा प्रारंभ की गयी है। लेकिन आज भीड़ को देखकर लग रहा है कि लोगों में शासन की योजना का लाभ लेने भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि मैं अधिकारियों से चाहुगा की शिविर के बाद भी कार्यालयों के माध्यम से सहजतापूर्वक नागरिकों तक योजना का लाभ पहुचाए, अधिकारी इसका विशेष ध्यान रखे।

### 0 शक्ति वंदन कार्यक्रम अंतर्गत 6 महिला स्व सहायता समूह का सम्मान

आज के शिविर का मुख्य आकर्षण शक्ति वंदन कार्यक्रम रहा, जिसके अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली 6 महिला स्व सहायता समूहों जिनमें महालक्ष्मी क्षेत्रीय स्तरीय संघ (एएलएफ) चौखडिया पारा, स्वराज क्षेत्रीय स्तरीय संघ(एएलएफ) राजीव नगर बसंतपुर, भारत माता स्व सहायता समूह चौखडिया पारा, राधेकृष्ण स्व सहायता समूह राजीव नगर बसंतपुर, गौरीमाता स्व सहायता समूह जमात पारा एवं गंगा महिला स्व सहायता समूह मोतीपुर की महिलाओं का अतिथियों ने साल श्रीफल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कर बच्चों का अन्नप्राशन किया तथा स्वस्थ्य बालक व बालिका को पुरूस्कृत भी किया तथा आयुष्मान कार्ड का वितरण किया।

### 0 शिविर में विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने किया आवेदन

शिविर में विभिन्न वार्डो के 16 सौ से अधिक लोग उपस्थित होकर एवं पोर्टर के माध्यम से योजनओं का लाभ लेने पंजीयन कराया। जिसमें प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के लिये 08 लोगों ने पंजीयन कराया, आयुष्मान कार्ड के लिये 400 ने, आधार के लिये 1 ने, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिये 9 ने, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिये 18 ने एवं महतारी वंदन योजना के लिये 65 लोगों ने पंजीयन कराया तथा सैकडों लोगों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर आवेदन लिये। शिविर में लगभग 400 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निःशुल्क दवा प्राप्त किया।

### 0 मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से 6 लोगों ने किया अनुभव साझा

केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के पहल के तहत 6 लोगों ने अपने अनुभव साझा किये। जिसमें चित्रा खोब्रागढ़े ने टी.बी. मुक्त भारत के तहत मुफ्त इलाज कराया। इसी प्रकार टोलेन्द्र साहू ने बी.पी. व एनसीडी तथा धनकुवर गजभिये ने एनसीडी का मुफ्त इलाज कराया, ललिता निषाद ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना का लाभ ली, वही मालती निर्मिलकर ने आयुष्मान कार्ड से हृदय का आपरेशन कराया तथा मुस्कान साहू ने सिकलसेल का मुफ्त में इलाज कराया, इन्होंने सरकार की योजना का सीधा लाभ मिलने पर अपना अनुभव साझा करते हुये प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके अलावा विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में ऑनलाईन क्विज में भी 66 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नगर निगम के अलावा स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, सहित विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दिये।

शिविर में मनोहर यादव एवं उनकी टीम के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन महापौर परिषद के सचिव श्री संजीव कुमार मिश्रा ने किया। शिविर में बड़ी संख्या में हितग्राही, लाभार्थी,वार्डवासी तथा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## घनश्याम विश्वकर्मा ने दिया कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा



राजनांदगांव (दावा)। राहुल-प्रियंका गांधी सेना के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम विश्वकर्मा ने कांग्रेस की स्थाई सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देशहित के लिए किये जा रहे कार्यो से प्रभावित होकर और कांग्रेस की भ्रष्ट नीतियों से क्षुब्ध होकर ही घनश्याम विश्वकर्मा नें यह फैसला लिया है। उल्लेखनीय है कि, घनश्याम विश्वकर्मा श्री विश्वकर्मा राहुल-प्रियंका गांधी सेना के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सहित प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के प्रदेश महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण और जिम्मेदार पद पर रहकर कांग्रेस संगठन में अपनी सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। जिसके चलते ही भाजपा संगठन उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकता है। घनश्याम विश्वकर्मा एक सक्रिय और कर्मठ युवा नेता हैं, उनकी सक्रियता और कर्मठता को देखते हुए भाजपा संगठन कोई अहम फैसला कर सकता है। वहीं घनश्याम विश्वकर्मा ने विश्वास दिलाया है कि, भावी भविष्य में यदि भाजपा संगठन से उन्हें कोई जिम्मेदारी दी जाती है तो वे उसे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। साथ ही श्री मोदी की प्रेरणा से प्रदेश ही नहीं वरन पूरे देश में भाजपा का का वर्चस्व कायम रखने में अपनी सक्रिय भगीदारी निभाएंगे।

## महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रेरणादाई फिल्म दिखाई गई



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू महाविद्यालय में कंप्यूटर विभाग के विद्यार्थियों को प्राचार्य श्रीमती ई व्ही रेवती के मार्गनिर्देशन तथा कंप्यूटर विभाग की श्रीमती तूलिका चक्रवर्ती के निर्देशन में 12 वी फेल मूवी दिखाया गया। मध्यप्रदेश के रहने वाले आई पी एस मनोज शर्मा के जीवन पर बनी है।

मूवी 12 वी फेल मूवी को दिखाने का उद्देश्य विद्यार्थियों को यह समझाना था कि, परिस्थिति कितनी भी विपरीत हो अगर हममें दृण इच्छा शक्ति और निश्चय हो तो हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है प्रतिभाएं अकारण आगे नहीं बढ़तीं। वे बढ़ती हैं अपने पुरुषार्थ से, अपने समर्पण से, अपनी मेहनत से, अपने त्याग से, अपनी प्रबल इच्छाशक्ति से ।फिल्म की कहानी बहुत ही प्रेरक है और यह दिखाती है कि अगर आप कड़ी मेहनत करें और अपने सपनों पर विश्वास रखें तो आप कुछ भी हासिल कर सकते हैं.व भाषा केवल मध्यम है वो कभी भी लक्ष्य की प्राप्ति में बाधा नहीं बनती है । यह मूवी कंप्यूटर लैब में दिखाया गया।

## मध्यप्रदेश राज्य के किसानों ने किया कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव का भ्रमण

० किसानों को उन्नत कृषि तकनीकी एवं फसलों की विभिन्न किस्मों की उत्पादन तकनीकी के संबंध में दी गई जानकारी

राजनांदगांव (दावा)। मध्यप्रदेश राज्य के शहडोल एवं डिंडोरी जिले के करंजिया, डिंडोरी, बजाग एवं अमरपुर विकासखण्ड के लगभग 100 बड़े एवं मध्यम वर्गीय कृषकों ने 8 एवं 9 फरवरी को कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी राजनांदगांव का भ्रमण किया। मध्यप्रदेश राज्य के किसानों ने छत्तीसगढ़ राज्य में उन्नत कृषि तकनीकी एवं फसलों की विभिन्न किस्मों की उत्पादन तकनीकी का जायजा लिया।

कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा के मार्गदर्शन में सर्वप्रथम कृषि विज्ञान केन्द्र में सभी किसानों का स्वागत किया गया। वैज्ञानिक मृदा विज्ञान श्रीमती अंजली घृतलहरे ने किसानों को प्राकृतिक खेती जीवामृत, बीजामृत के बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की। वैज्ञानिक कृषि अभियांत्रिकी डॉ. अतुल डांगे द्वारा सीड् हब एवं सीड् ग्रेडिंग मशीन के बारे में जानकारी दी गई। वैज्ञानिक सस्य विज्ञान श्री मनीष कुमार सिंह द्वारा जैविक खेती के महत्वों को बताया गया। वैज्ञानिक मौसम विज्ञान श्रीमती सुरभि जैन द्वारा कृषि में मौसम को प्रभावित करने वाले विभिन्न तत्वों के बारे में जानकारी दी गई। वैज्ञानिक कृषि विस्तार डॉ. योगेंद्र श्रीवास ने लघु धान्य फसलों व कार्यक्रम सहायक पौधरोग श्री जितेंद्र कुमार मेश्राम द्वारा ऑयस्टर मशरूम उत्पादन तकनीक की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही प्रक्षेत्र प्रबंधक आशीष शुक्ला द्वारा प्रक्षेत्र का भ्रमण कराया जिसमें प्रक्षेत्र की विभिन्न इकाईयां जैसे कि मौसम वेद्यशाला, सीड् ग्रेडिंग, मशरूम, मुर्गी पालन, मछली पालन, वर्मी खाद इकाई व बीज उत्पादन की विस्तृत जानकारी दी गई।

## निःशुल्क जरदोशी (हैण्ड इम्ब्रॉयडी) प्रशिक्षण के लिए 22 फरवरी तक पंजीयन

राजनांदगांव (दावा)। जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा महिलाओं के लिए निन्शुल्क जरदोशी (हैण्ड इम्ब्रॉयडी) प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण का संचालन दिग्विजय स्टेडियम कक्ष भदौरिया चौक राजनांदगांव में किया जाएगा। निन्शुल्क जरदोशी (हैण्ड इम्ब्रॉयडी) प्रशिक्षण 15 दिवसीय होगा।

प्रशिक्षण के लिए इच्छुक महिला हितग्राही 22 फरवरी 2024 तक अपना पंजीयन जिला कौशल विकास प्राधिकरण संयुक्त जिला कार्यालय के सामने कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव में करा सकते है। प्रशिक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी मोबाईल नंबर 9691311633 एवं 7898147697 से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

## अंशकालीन योग, खेल शिक्षक व प्रशिक्षक की सेवाएं में 13 तक दावा आपत्ति आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार पीएमश्री योजना अंतर्गत राजनांदगांव जिले के कुल 7 प्राथमिक शालाओं में अंशकालीन योग, खेल शिक्षक व प्रशिक्षक की सेवाएं लेने के लिए निर्धारित योग्यताधारी आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी के बाद पात्र-अपात्र आवेदकों की सूची जारी कर दी गई है। सूची के संबंध में आवेदक 13 फरवरी 2024 शाम 5 बजे तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। प्रकाशित सूची का अवलोकन जिला परियोजना कार्यालय के कक्ष कमांक 112 राजनांदगांव के सूचना पटल पर किया जा सकता है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मध्य क्षेत्रीय कुलपति सम्मेलन में दिग्विजय महाविद्यालय के सारथी रहे उपस्थित



राजनांदगांव (दावा)। यूजीसी के अध्यक्ष डॉ एम जगदीश कुमार के नेतृत्व में विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर केंद्रित मध्य क्षेत्रीय कुलपति सम्मेलन में कुलपति डॉक्टर अरुण पलटा के साथ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय से सहायक प्राध्यापक मंजरी सिंह के साथ महाविद्यालय की तीन छात्राएं ईश्वरी शर्मा, मीमांसा राजोरिया एवं प्रगति साहू शामिल हुई।

तीनों ही छात्राएं यूजीसी द्वारा चलाए जा रहे एनइपी सारथी कार्यक्रम के अंतर्गत सारथी के रूप में नई शिक्षा नीति के बेहतर क्रियान्वयन हेतु महाविद्यालय में जागरूकता कार्य करती हैं । दस विभिन्न सत्रों में विभक्त इस एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूजीसी के अध्यक्ष डॉ एम जगदीश कुमार ने करी एवं विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलपति डॉ अखिलेश पांडे ने स्वागत भाषण दिया । कार्यशाला में सर्वप्रथम यूजीसी के चेयरपर्सन ने विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए अनईपी सारथी के साथ संवाद किया एवं नीति को बेहतर ढंग से लागू करने पर उनके सुझाव सुने । नई शिक्षा नीति के 10 बिंदुओं में से पहले बिंदु मल्टीडिसीप्लिनरी एवं होलिस्टिक एजुकेशन विषय पर हेमचंद विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ अरुण पलटा ने अपने विचार रखें । विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ प्रशांत श्रीवास्तव ने स्किल डेवलपमेंट तथा एम्पलाईबिलिटी विषय पर अपने विचार रखें। विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव डॉक्टर सुमित अग्रवाल ने कैपेसिटी बिल्डिंग ऑफटीचर्स फॉर क्वालिटी एजुकेशन विषय पर अपने विचार रखें । उल्लेखनिय है कि इस कार्यशाला में चार राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड तथा उत्तर प्रदेश के लगभग 150 से अधिक कुलपति एवं 200 से अधिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## बौद्ध सम्मेलन में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने की जल सेवा की

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रज्ञागिरी बौद्ध तीर्थ क्षेत्र में हुए बौद्ध सम्मेलन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद डोंगरगढ़ इकाई के कार्यकर्ताओं ने जल सेवा की। नगर मंत्री शुभम महोबिया ने बताया कि बौद्ध भिक्षु के आत्मीय भेंट व समाज के अन्य वरिष्ठ लोगों के मार्गदर्शन में जल सेवा की। इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद के नगर अध्यक्ष किरण नरेड़ी, जिला संयोजक अमन नामदेव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुश मालेकर, नगर सह मंत्री भावेश साहू, हिमांशु इंदुलकर, अंजली रामटेके, तमन्ना, आसू डिंडोरे, आयुष निर्मलकर, शिवम कश्यप, लोकेश सिंह राजपूत, हुमेश साहू, शाहिल पटेल, दीपक सिन्हा, दीपक सिंह, युवराज पटेल, राजेंद्र साहू उपस्थित थे।

## साईस ओलंपियाड परीक्षाओं में एन.पी.एस. पेण्ड्री के होनहार छात्र द्वितीय चरण तक पहुँचे

राजनांदगांव (दावा)। साईन्स ओलम्पियाड फाउंडेशन द्वारा 2023-24 में आयोजित विभिन्न विज्ञान स्पर्धा की विभिन्न परीक्षाओं में स्थानीय जिले की अग्रणी शैक्षणिक संस्थान नीरज पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर परीक्षाओं के द्वितीय चरण हेतु पात्रता प्राप्त की है।

अंतराष्ट्रीय इंग्लिश ओलम्पियाड में संस्था में प्रतिभावान विद्यार्थियों कक्षा चौथी 'ब' के शुभ जैन, कक्षा पांचवी 'इ' की शिवांशी मांझी, कक्षा छठवी 'स' अद्विका जैन तथा आठवी 'अ' की वान्या मदान ने द्वितीय चरण की परीक्षा हेतु पात्रता प्राप्त की।

अंतराष्ट्रीय विज्ञान ओलम्पियाड में संस्था के प्रतिभावान विद्यार्थियों कक्षा तीसरी 'स' की गीतविजय मोटवानी, कक्षा चौथी 'ब' के शुभ जैन, कक्षा पांचवी 'इ' की सन्निधि गोलछा, तथा कक्षा छठवी 'अ' अद्विका जैन ने अगले चरण की परीक्षा हेतु पात्रता प्राप्त की।

अंतराष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड में संस्था के प्रतिभावान विद्यार्थियों कक्षा तीसरी 'स' की गीतविजय मोटवानी, कक्षा चौथी 'द' के मनन कटियारा तथा लविश शर्मा, कक्षा पांचवी 'द' की सांची बोपचे, कक्षा छठवी 'ब' की वाणी श्रीवास्तव तथा कक्षा सातवी 'ब' की ज्वाला सिंह ने अगले चरण की परीक्षा हेतु पात्रता प्राप्त की। ये सभी होनहार विद्यार्थी आगामी दिनांक 11 फरवरी 2024 को द्वितीय चरण की परीक्षाओं में सम्मिलत होंगें।

## रक्तदान शिविर व होम्योपैथी परामर्श शिविर के सम्बंध आयोजित बैठक सम्पन्न



डोंगरगढ़ (दावा)। माई की नगरी डोंगरगढ़ में श्री हनुमान भक्त युवा समिति व माहेश्वरी समाज के तत्वावधान में स्व.पुरुषोत्तम दास दरगड जी की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर व निःशुल्क होम्योपैथी ईलाज परामर्श शिविर का आयोजन 11 फरवरी 2024 दिन रविवार स्थान महावीर मंदिर प्रागंण में आयोजन किये जाने सम्बंध आयोजित बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में नगर के वरिष्ठजन उपस्थिति प्रदान कर शिविर की सफलता के लिए अपने-अपने विचार रखे। आयोजन समिति के द्वारा अपील की गई है कि रक्तदान शिविर में रक्तदान कर पूण्य के भागी बने व उक्त स्वस्थ्य शिविर का लाभ ले।

जिसमें डॉ. ममता महेश्वरी अपनी सेवाएं प्रदान करेगी। बैठक में विश्वनाथ यादव, सुनील तापड़िया, डॉ ममता महेश्वरी कैलाश अग्रवाल, बंशी दरगढ़, पिंटू भाटिया, कैलाश सोनवानी, मनीष दरगढ़, रितेश सक्सेना, राजेश कश्यप, कन्हैया अग्रवाल,हनी गुप्ता, ऋषभ डकाह, अविनाश पोद्दार, बबलू नरेडी, गोपाल अग्रवाल, शुभम महोबिया, प्रथमेश महेश्वरी, वैशाली देशकर, किरण नरेडी, सविता दरगढ़, अनुराधा शर्मा व अन्य सभी उपस्थित रहे।

## पटेवा में महतारी वंदन योजना का लाभ लेने महिलाओं की भीड़ जुटी



पटेवा(दावा)। ग्राम पंचायत पटेवा में महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं की भीड़ जुट रही है। शासन द्वारा 8 मार्च से 1000 रूपए प्रति माह महिलाओं के खाते में डालने की घोषणा की गई है।

12 माह में 12000 रुपए महिलाओं के खाते में डाले जाएंगे, पंजीयन के लिए सरपंच सचिव,पंच, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की ड्यूटी लगाई गई है। सरपंच मिथलेश कुमार साहू, सचिव दुकली जोशी, रोजगार सहायक पिंकी पाल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ओम कुमारी साहू लक्ष्मी साहू, गौतम कोटवार हितग्राहियों को फार्म जमा करने से संबंधित गाइडलाईन बता रहे हैं फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी है, 21 फ़रवरी को अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा, इसमें से 21 से 25 फरवरी के बीच दावा आपत्ति का निराकरण किया जाएगा,1 मार्च को अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा एवं 8 मार्च को पहली किस्त सभी हितग्राहियों के खाते में डाली जायेगी।

## मौसम के बदलाव को देखते हुए किसानों को दी गई समसामयिक सलाह

राजनांदगांव (दावा)। कृषि विभाग द्वारा आगामी 11 एवं 12 फरवरी 2024 को राजनांदगांव जिले में कही-कही हल्के से मध्यम बारिश एवं आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने की संभावना को देखते हुए किसानों को समसामयिक सलाह दी गई है। मौसम के बदलावा को देखते हुए जिले के किसान को सब्जियों में कीट-रोगों के प्रति नियमित निगरानी करने कहा गया हैं।

## लिगनगढ़ मेला 11 फरवरी से शुरू

कलकसा (दावा)। विकास खंड डोंगरगढ़ के आदिवासी बहुल क्षेत्र खुर्शीपार पर स्थित लिंगनगढ़ में प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी 11,12,13 फरवरी 2024 को मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रति दिवस गोंडी संस्कृति अनुसार भुमकाओ द्वारा गोगो किया जाएगा। लिंगन गढ़ में गोंड समाज का ईस्ट देव का पूर्व कालीन विराजित हैं।

जहां आकर्षक मनोरम दृश्य है। जो पर्यटन क्षेत्र से कोई कमी नहीं है। समाज के दानी मंडावी, लक्ष्मण उईके, ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर मेला में आने की अपील की है।

## गांव चलो अभियान के अंतर्गत बूथ में बैठक संपन्न



डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश एवं जिला भाजपा के आदेशानुसार गांव चलो अभियान के तहत डोंगरगढ़ शहर मंडल के बूथ क्रमांक 153 में आज दिनांक 9 फरवरी को नगरीय बूथ प्रवासी लक्ष्मीनारायण अग्रवाल की उपस्थिति में बूथ समिति के सदस्यों एवं पन्ना प्रभारियों के साथ बूथ अध्यक्ष शिवा यादव के निवास में बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में समिति के सदस्यों एवं पन्ना प्रभारियों को जिम्मेदारी सुनिश्चित की गई एवं आने वाले लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत कैसे बढ़ेगा इस पर चर्चा की गई। इस बैठक में लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, तुलसी मिश्रा, राकेश अग्रवाल, शिवा यादव, दशरथ निषाद, प्रकाश यादव, रतनी बाई, राधाबाई, धनुष कंदरा, सुखलाल नरेंद्र पटेल, गोलु निर्मलकर, मनु यादव, बंशी कुर्रे, इंदु कुर्रे, आशा कुर्रे, प्रीति घिंघोड़े, जमुला बारले, छाया बारले, सुरेखा बंजारे, बुधा बाई, परस कंदरा, देवकी बाई, मीरा बंजारे, बोधन निषाद, ठगिया निषाद, मेहतरीन बाई निषाद, कुंती बाई एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आरक्षक शिवचरण मंडावी को रौंदने वाले पांच पशु तस्कर गिरफ्तार

## राजनांदगांव पुलिस की 10 अलग-अलग टीमें कर रही थी पतासाजी



राजनांदगांव (दावा)। गुरुवार 9 फरवरी की रात 2.30 बजे पशु तस्करों को पकड़ने गई बागनदी पुलिस को आरोपी पशु तस्करों द्वारा तस्करी में प्रयुक्त वाहन के चक्के तले रौंदकर जान से मारने की कोशिश की थी। लेकिन इस घटना में बुरी तरह घायल हुए उक्त आरक्षक ने हास्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस दिल दहला देने वाली घटना से पुलिस में रोष उत्पन्न हो गया और पुलिस विभाग उक्त आरोपी पशु तस्करों को पकड़ने के लिए आपरेशन चला दिया गया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में अंततः आरोपियों को धरदबोच लिया गया। इस संबंध में ली गई एक प्रेस वार्ता में बताया गया कि पुलिस के लगातार 18 घंटे चले आरोपियों को पकड़ने के पुलिस अभियान में बागनदी से लेकर नागपुर तक 200 से अधिक खंगाले गये सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। हालांकि घटना के बाद थाना बागनदी की सूचना पर महाराष्ट्र के थाना मोदा में 2 पशुतस्कर वाहन को पकड़ा गया।

वहीं मुख्य आरोपियों को पकड़ने में राजनांदगांव पुलिस जुटी रही। इस दौरान पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा लगातार महाराष्ट्र के जिला गोंदिया, भंडारा, नागपुर के थानों से समन्वय कर आरोपियों के संबंध में पूछताछ की जा रही थी। पशु तस्करी में संलिप्त स्थानीय लोगों से लेकर महाराष्ट्र तक सप्लाई चेन की पता तलाश की जा रही थी। अंततः आरक्षक शिवचरण मंडावी के हत्यारे दबोच लिये गए। बताया जाता है कि उक्त हत्यारे पशु क्रुरता के आदतन अपराधी है, जिनके विरूद्ध महाराष्ट्र के थानों में भी रिपोर्ट दर्ज है। बता दें कि आरक्षक मंडावी की हत्या के मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के दिशा-निर्देश पर फरार आरोपी वाहन चालक को पकड़ने टीम गठित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम के नेतृत्व में टीम भंडारा, नागपुर महाराष्ट्र की ओर अलग-अलग टीम रवाना हुये थे।

### सीसी टीवी फुटेज खंगाले गए

संदिग्ध वाहन का पता तलाश बागनदी व भंडारा के बीच सीसीटीवी को चेक किया गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध पिकअप वाहन कमांक एमएच-36/एए 3634 दिखाई दिया, जिसके आधार पर वाहन के स्वामी का पता तलाश किया गया जो वाहन स्वामी कृष्णा गोटेफोड़े का होना पाया गया। कृष्णा से पूछताछ करने पर अपने पिकअप वाहन को अयुर थोटे और विशाल गायधने को पशु तस्करी के लिए देना बताया।

सायबर सेल के माध्यम से मोबाईल लोकेशन लेकर के आरोपी अयुर थोटे और विशाल धयगाने का पतातलाश कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया जो जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपियों के कथन के आधार पर एवं निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त वाहन को मुडीपार महाराष्ट्र से बरामद किया गया एवं मामले में धारा 4,6,10 छ.ग. कृषि पशु परिवहन अधिनियम जोड़ी गई।

### एक आरोपी अभी भी फरार

बताया जाता है कि एक आरोपी मनीष अम्बादे, मयुर अभी भी फरार है, जिसकी पतासाजी के लिए पुलिस द्वारा टीम गठित कर लगातार पतातलाश की जा रही है। आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की जावेगी। मामले में विवेचना दौरान 302 भादंवि, 4,6,10 छ.ग. कृ. पशु.परि.अधि. 2011 धारा जोड़ी गई। जिससे आरोपीगण को आज 10. फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

### मुख्य सरगना हिरासत में

आरोपियों के कथन के आधार पर रोशन सेलोकर पिता अम्बादास सेलोकर उम्र 26 साल निवासी कोंढा महाराष्ट्र जो अंतर्राज्यीय पशु तस्करी का मुख्य सरगना है, का जिसे ग्राम लाखनी महाराष्ट्र से हिरासत में लिया गया। प्रकरण में आरोपियों से पूछताछ के आधार पर पशु तस्करी में संलिप्त मनीष अम्बादे निवासी कालकापारा डोंगरगढ़ और माधव सिरमौर द्वारा पशु बिकी हेतु उपलब्ध कराया जा रहा था व महाराष्ट्र के पशु तस्कर मयुर के पास बेचा जा रहा था। प्रकरण में माधव सिरमौर की गिरफ्तारी की गई है, प्रकरण के आरोपी रोशन सेलोकर व विशाल गायधने के विरूद्ध पूर्व में महाराष्ट्र के थाने में क्रमशः चिचगढ़ में अपराध क्रमांक 309/2022 व थाना करंदा में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध दर्ज है, व आरोपी माधव सिरमौर के खिलाफ थाना खैरागढ अपराध क्रमांक 46/21पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराधिक प्रकरण दर्ज है।

# नकली सोना रखकर लिया लाखों का लोन, जुर्म दर्ज

राजनांदगांव (दावा)। शहर के आईसीआईसीआई बैंक शाखा में नकली सोना रखकर लाखों का लोन लेने वाले पर बैंक द्वारा रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। बताया जाता है कि बैंक द्वारा भौतिक जांच के बाद सोने के नकली होने की पुष्टि होने पर अधिकृत जांचकर्ता सुनार व सोना गिरवी रखने वाले व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक राजनांदगांव निवासी राजेश लूनिया (50) द्वारा बैंक शाखा में साल 2022 में गोल्ड लोन लेने के लिए गए थे। उन्होंने 1406 ग्राम सोना बैंक में रखा और इसके एवज में 48 लाख रुपए कि लोन ले लिया। तब सोने की जांच बैंक द्वारा अधिकृत सुधार राजकुमार देवकर द्वारा की गई। जिस पर उन्होंने सोने को असली होना बताया गया। इसके कुछ समय बाद राजेश लूनिया बैंक के अंजोरा शाखा में गोल्ड लोन लेने पहुंचा। जहां उसके द्वारा लाया गया सोना नकली सोना पाया गया। इसके बाद बैंक ने अपने शाखा में रखे गोल्ड की भी जांच की जिसमें सभी 1406 ग्राम सोने का आभूषण नकली निकला। पुलिस ने राजेश व सोना जांचने वाले राजकुमार पर धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।




# शादी का प्रलोभन देकर नाबालिक से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफतार में




राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को चंद घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को जेल दाखिल भी कर दिया है।

बताया जाता है कि दिनांक 9 फ़रवरी को प्रार्थी द्वारा अपने नाबालिक पुत्री उम्र 14 साल 4 माह को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था जिस पर पुलिस चौकी चिखली में धारा सदर का अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया व मामला गंभीर प्रकृति का होने से मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया।

इस पर तत्काल पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में चौकी चिखली पुलिस की टीम गठित कर नाबालिक बालिका की पता साजी में जुट गई और, सीसीटीवी व तकनीकी साक्ष्य के सहयोग से मुखबीर लगाकर पतासाजी में जुटी हुई थी कि मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ जिसमें पीडित बालिका को मामले के संदेही सुनील साहू द्वारा छत्तीसगढ़ से बाहर भगाकर ले जाने वाला है। जिस पर पुलिस द्वारा बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन पर सतत् निगाह रखी जा रही थी। सटिक सूचना के आधार पर पीड़ित बालिका को संदेही आरोपी सुनील साहू पिता ईश्वरी साहू उम्र 26 साल निवासी शंकरपुर के कब्जे से राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन के पास से बरामद किया गया।

महिला अधिकारी द्वारा पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा शादी का प्रलोभन देकर अपने साथ भगाकर ले जाना व जबरदस्ती दुष्कर्म करना पीडिता द्वारा बताने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 363, 366, 376 (2)(ढ़) भादंवि 4,6 पाक्सो के तहत कार्यवाही कर आरोपी सुनील साहू को माननीय न्यायालय पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।







# लखोली के सोनकर दम्पत्ति को जंगली सूअर ने नोच खाया, जख्मी हालत में हास्पीटल में भर्ती

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों शहर में जंगली सुअर का आतंक बना हुआ है।शहर के आउटर इलाके में बे- खौफ घूम रहे जंगली सुअर की ओर से वन विभाग पूरी तरह बे-खबर है। इससे लोगों में दहशत बनी हुई है। शुक्रवार को निर्भिक विचरण कर रहे उक्त जंगली सुअर ने लखोली क्षेत्र के संजय नगर इलाके के बाड़ी में रहने वाले सोनकर दम्पत्ति पर हमला कर दोनों को नोच खाया।

इस घटना में लगभग 32 वर्षीय महिला सरिता सोनकर के दाएं हाथ के पंजे को बुरी तरह चबा गया जिससे पंजे का नाड़ी वाला हिस्सा कटकर लटक गया। वहीं महिला की बीच वाली ऊंगली को सुअर पूरी तरह चबाकर खा गया। सुअर के जबड़े में फंसे अपने पत्नी को चिल्लाते हुए देखकर लगभग 35 वर्षीय घनश्याम सोनकर फावड़ा लेकर दौड़ा, तो उलटे उसके उपर ही सुअर ने हमला कर दिया। इस घटना में उक्त जंगली सुअर ने पति के जांघ के मांस को नोच खाया। लोगों का हो- हल्ला होने पर जंगली सुअर भाग निकला। घटना की जानकारी होने पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि आशीष डोंगरे ने खून से लथपथ कराह रहे सोनकर दम्पत्ति को अपने वाहन में लेकर मेडिकल कालेज हास्पिटल-पेंड्री ले आया। लेकिन वहां इलाज में देरी देखकर उन्हें श्रीराम हास्पिटल, बसंतपुर ले आया। जहां दोनों पति-पत्नी का त्वरित इलाज किया गया। हालांकि पति घनश्याम का प्राथमिक इलाज कर उसे घर में आराम करने भेज दिया है। वहीं उक्त घटना में बुरी तरह जख्मी उसकी पत्नी सरिता को उसके कटे हुए हाथ का आपरेशन कर फिलहाल डाक्टर की देखरेख में हास्पिटल में भर्ती कर रखा गया है। बताया जाता है कि वन विभाग को पता चलने पर वन अधिकारी आकर फिलहाल इलाज के लिए मात्र 2 हजार रुपए उनके हाथों में दिया गया। बताया जाता है कि पीड़ित दम्पत्ति के पूरा इलाज का खर्च वहन विभाग उठाएगा।



शहर में खुले आम घूम रहा जंगल सुअर,, वन विभाग बे- खबर

### खुले आम घूम रहा जंगली सुअर

बता दें कि उक्त जंगली सुअर लखोली इलाके में खुले आम घूम रहा है । इससे लोगों में दहशत बनी हुई है। ऐसा नहीं है और जंगली जानवर शहर की ओर भटकते हुए पहली बार आ रहे हैं। शहर से 30-40 कि,मी की दूरी में जंगल एरिया पड़ने के कारण प्रायः गैर हिंसक प्राणी कोटरी हिरण शावक आदि भटकते हुए चले आते हैं। इसी तरह जंगल के हिंसक प्राणी शेर, चीते, भालू आदि भी पानी की खोज में शहर की ओर चले आते हैं। जिसकी ओर से वन विभाग प्रायः बे- खबर बना रहता है। अभी भी वन विभाग को पता नहीं कि जंगली सुअर शहरी इलाके में आकर बे- खौफ घूम रहा है। जंगली सुअर के हमले से बुरी तरह घायल हुई महिला सरिता सोनकर ने कि पिछले महीने भर से उक्त जंगली सुअर उसके बाड़ी क्षेत्र में घूम रहा है। लेकिन हमला नहीं किया था। शुक्रवार की सुबह लगभग 11 बजे उसने धर में घुस कर हमला कर दिया। गनीमत है कि उस समय उनके छोटे - छोटे बच्चे नजदीक नहीं थे नहीं तो उक्त खूंखार सूअर उसे अपना निवाला बना लेता। उनकी चीख - चिल्ला हट सुनकर उसका पति घनश्याम लोहे का रापा लेकर सुअर को मारने दौड़ा लेकिन लोहे के रापें के वार का उक्त जीवट सुअर पर कुछ नहीं हुआ।उलटे उस पर ही हमला कर दिया।

इस दौरान लोगों कि शोर गुल होने पर वह जंगली सुअर खेत व झाड़ियों की ओर भाग निकला। जंगली सुअर के हमले में बूरी तरह लोहू- वुहान हुए सोनकर दम्पत्ति को तत्काल उपचार सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पार्षद प्रतिनिधि आशीष डोंगरे की सराहना की जा रही है। बताया जा रहा है कि घटना की रिपोर्ट संबंधित थाने में होने पर ही वन विभाग जंगली सुअर के हमले से जख्मी हुए दम्पत्ति को इलाज का पूरा खर्च मुआवजे के रुप में देगा।

# नीरज ग्रुप ऑफ स्कूल में बसंत पंचमी पर 2000 रू. की छूट



**विद्यारंभ संस्कार के साथ शाला प्रवेश**

राजनांदगांव(दावा)। एन.बी. ग्रुप ऑफ स्कूल के नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल-बल्देवबाग, ब्रांच जयस्तंभ चौक, नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल-बोरी, नीरज फाउण्डेशन स्कूल.न्यू खंडेलवाल कॉलोनी, नीरज विद्या मंदिर-मोहड़, डोंगरगांव, नीरज माईल स्टोन स्कूल.खैरागढ़ इनमें से किसी भी स्कूल में 14 फरवरी, दिन-बुधवार को प्रत्येक वर्षानुसार बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विद्यारंभ संस्कार के साथ शाला प्रवेश उत्सव में ज्ञान की देवी माता सरस्वती की पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर एन.बी. ग्रुप ऑफ स्कूल के संचालक नीरज बाजपेयी ने कहा है कि बसंत पंचमी के शुभ मुहूर्त में प्री.नर्सरी/नर्सरी कक्षा में प्रवेश लेने वाले छात्रों को विद्यारंभ संस्कार के साथ प्रवेश दिया जाएगा। उक्त कक्षाओं में प्रवेश पूर्व मंत्रोच्चार की विशेष व्यवस्था माँ गायत्री परिवार के सहयोग से की गई है।

पालकों से अनुरोध है कि वे इस शुभ मुहूर्त पर विद्यारंभ संस्कार के साथ बच्चों को आगामी सत्र हेतु शाला प्रवेशित कराएं। इस अवसर पर प्री-नर्सरी/नर्सरी में नवप्रवेशितों के अलावा केजी-1 से 11वीं तक किसी भी कक्षा में प्रवेशित होने पर शुल्क में 2000 रु. की विशेष छूट दी जा रही है। नीरज फाउण्डेशन, किड्स प्रीमियम स्कूल में 10,000 वर्गफीट में 3 बड़े प्ले एरिया एवं हॉल के साथ बच्चों के लिए शानदार व्यवस्था की गई है। इस स्कूल में शहर के सभी कोने एवं 5 किमीण् दूर तक ट्रांसपोर्टेशन की व्यवस्था प्रदान की जाती है। पालकों से आग्रह है कि कमला कॉलेज रोडए न्यू खण्डेलवाल कॉलोनी स्थित हमारे फाउण्डेशन स्कूल में विजिट अवश्य करें।

इस वर्ष नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल, बल्देवबाग (नये भवन) 12000 वर्गफीट एवं 18,000 वर्गफीट के ग्राउंड एवं आधुनिक साज.सज्जा के साथ नवनिहालों के स्वागत के लिए तैयार किया जा रहा है। शहर के मध्य स्थित इस स्कूल में बच्चों के लिए सभी सुविधाएं विगत 12 वर्षों से उपलब्ध हैए जिन्हें इस वर्ष और अधिक नये रूप में प्रदान किया जाएगा। यह शहर के बीच एक मात्र ऐसा स्कूल है जहाँ बच्चों के खेलने के लिए प्ले स्टेशन की सुविधा है।

एन.बी. ग्रुप ऑफस्कूल सर्वाधिक बच्चों को प्री.प्राइमरी, प्री.नर्सरी से केजी-2 शिक्षा प्रदान करती है। इसलिए इसे पालकों की पहली पसंद का दर्जा प्राप्त है। इन स्कूलों में मातृत्व भाव से बच्चों को खेल.खेल विभिन्न गतिविधियों द्वारा वर्ष भर सिखाया जाता है। साथ ही संकल्प चक्र द्वारा छोटे.छोटे संकल्प लेकर संस्कारित करने का प्रयास किया जाता है। कक्षा में बच्चों की संख्या सीमित होने से उन पर अधिकाधिक ध्यान दिया जाता है। कई वर्षों के अनुभव के साथ तैयार प्रिन्टेड बुक एवं नोट.बुक तैयार किया गया है। साथ ही वर्ष भर होने वाली स्कूली गतिविधियों से भी बच्चों को सिखाया जाता है।

# आदतन चोर कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ा, हुआ जेल दाखिल

**आरोपी के कब्जे से 10 नग चांदी के छोटे बडे सिक्के एवं 3 नग मोटर सायकल एक नग एक्टीवा जप्त**



राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली पुलिस ने भालू कोन्हा निवासी आदतन चोर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चोरी के सामान जब्त कर उसे जेल दाखिल कर दिया गया है।

कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि शुक्रवार 10 फरवरी को प्रार्थी अशोक शर्मा पिता विश्वम्भर दयाल शर्मा निवासी राम नगर वार्ड नं. 30 बिजली आफिस के बाजू द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह जागीदार ट्रेव्हल्स में मैनेजर का कार्य करता है।, 8. फ़रवरी को रात्रि 11:45 बजे पुराना बस स्टैण्ड स्थित आफिस को बंद कर घर चला गया था, आज सुबह करीब 08:30 बजे आफिस आकर देखा तो आफिस के मेन गेट का ताला टूटा था, आलमारी खुला था, तथा टेबल का दराज टूटा हुआ था। और अलमारी के अंदर रखे 10 नग चांदी के सिक्के कीमती 30000 रूपये एवं नगदी 3000 रूपये जुमला कीमती 33000 रूपये नही था, कोई अज्ञात चोर रात्रि में चोरी कर ले जाना बताया।

इस रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 457, 380 भादवि0 कायम कर विवेचना में लिया गया। कायमी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। इस पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन एवं उनके स्वंय के नेतृत्व मे तत्काल थाना कोतवाली से पुलिस टीम गठित कर आरोपी के पतासाजी हेतु घटना स्थल रवाना किया गया। तथा आसपास के लगे सीसीटीव्ही फुटेज को खंगाला गया।, फुटेज मे मिले क्लू के आधार पर मुखबीर की सूचना पर आरोपी घनश्याम जोशी पिता विष्णु जोशी उम्र 21 साल साकिन ग्राम भानूकोन्हा थाना घुमका हाल मुकान पुराना बस स्टैडको घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। आरोपी से कड़ाई से पूछताछ पर चोरी करना स्वीकार किया जिसके कब्जे से पेश करने पर 10 नद चांदी के छोटे बडे सिक्के वजनी 245 ग्राम कीमती 30000 रूपये जप्त किया गया।

आरोपी द्वारा अपने मेमोरण्डम कथन में 2 जनवरी को महावीर चौक से एक मोटर सायकल एवं अवनी कास्मेटिक दुकान राजनांदगांव के पास से एक एक्टीवा तथा 4. जनवरी को गोल बाजार सब्जी मार्केट मस्जिद के सामने से एक हिरो होण्डा स्पेल्डर प्लस 31जनवरी को पुराना बस स्टैण्ड राजनांदगांव से एक मोटर सायकल होण्डा साइन चोरी करना बताया। जिसके कब्जे से जप्त एक मोटर सायकल हिरो होण्डा क्रमांक सी. जी. 08 ए एस 3340 कीमती 30000 रूपये एक नग एक्टीवा क्रमांक सी.जी. 08 एन 0364 कीमती 25000 रूपये एक हीरो होण्डा स्पेल्डर प्लस क्रमांक सी.जी. 08 एस 2123 कीमती 20000 रूपये व मोटर सायकल होण्डा साइन सी.जी. 08 ए एल 9005 कीमती 20000 रूपये। जुमला कीमती 95000 रूपये जप्त कर थाना कोतवाली में धारा 379 भादवि. मे वाजाप्ता सुमार किया गया। आरोपी के विरूद्ध प्रर्याप्त सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

# शिक्षा के साथ संस्कार बेहद जरूरी: अभिषेक सिंह

## दिग्विजय महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पदक वितरण कार्यक्रम संपन्न

## महाविद्यालय की शानदार उपलब्धियों से अभिभूत एवं गर्व की अनुभूति - डॉ. खूबचंद पारख





राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में 10 फरवरी को वार्षिकोत्सव एवं पदक वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.के.एल.टांडेकर ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज महाविद्यालय के लिए यह गर्व का ऐतिहासिक क्षण है कि महाविद्यालय के 84 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को इस अवसर पर सम्मानित किया जा रहा है। मैं सभी दानदाताओं का आत्मीय आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय की शोध उपलब्धियों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, खेल, राष्ट्रीय सेवा योजनाए एनसीसीए यूथ रेडक्रास में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यार्थियों का उल्लेख किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने अपने उद्बोधन में दिग्विजय महाविद्यालय के गौरव त्रिवेणी साहित्यकार पं.गजानंद माधव मुक्तिबोध, डॉ.पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी एवं डॉ.बल्देव प्रसाद मिश्रा का पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को महाविद्यालय में सन 2022-23 से लागू किया गया है जो विद्यार्थियों के बहुमुखी प्रतिभा को निखारने का कार्य करेगा। यह शिक्षा नीति छात्रों को क्लास रूम के दायरे से निकालकर शिक्षण के विभिन्न माध्यमों तक पहुंचाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि महाविद्यालय का अतीत गौरवशाली हैए भविष्य उज्जवल और वर्तमान शानदार है। कार्यक्रम के अध्यक्ष खूबचंद पारख ने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय के साथ-साथ शहर का भी नाम रोशन कर रहे हैं। महाविद्यालय के विकास के लिए सरकार सदैव तत्पर है। महाविद्यालय के प्राचार्यए प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों के सम्मिलित प्रयास से अगली नैक मूल्यांकन में ग्रेड की प्राप्ति के लिए शुभकामनाएं देता हूं। महाविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अतिथियों के द्वारा स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। महाविद्यालय मेंसर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र ढालेश्वर एवं छात्र कुमकुम को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। महाविद्यालय में विभागीय एवं व्यक्तिगत स्तर पर उत्कृष्ट अकादमी कार्य करने वाले विभाग एवं प्राध्यापकों को भी प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। महाविद्यालय के पूर्व छात्र स्वर्गीय अनिल सोनी की स्मृति में श्रीमती सुशीला सोनी ने प्राचार्य को एक लाख रूपए का चेक प्रदान किया। मंचासीन अतिथियों का महाविद्यालय कीओर से साल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

अंग्रेजी के प्राध्यापक डॉण्आराधना गोस्वामी द्वारा लिखित पुस्तक की विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में राजनांदगांव के कलेक्टर व अध्यक्ष जनभागीदारी समिति संजय अग्रवाल, सचिन बघेल, राजेंद्र गोलछा, किशन यादव, तरुण लहरवानी, हर्ष रामटेके, प्रखर जैन उपस्थित थे। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां विद्यार्थियों द्वारा दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.सोनल मिश्रा व आभार व्यक्त छात्रसंघ समिति के संयोजक डॉ.अंजना ठाकुर ने किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com